आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 111 | उज्जैन, गुरुवार 07 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 6 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### वंदे मातरम गीत को राष्ट्रगान जैसा दर्जा, कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज,संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा।

### ईरान जंग 48 घंटे में खत्म हो सकती है, 14 शर्तों का समझौता तैयार

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका और ईरान में युद्ध खत्म करने और परमाणु बातचीत का रास्ता तय करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है। दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला समझौता तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है। सबसे पहले 30 दिनों तक दोनों देशों की विस्तृत बातचीत होगी, इसमें होर्मुज, परमाणु कार्यक्रम, अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे होंगे, दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए इस्लामाबाद या फिर जिनेवा जैसे शहरों पर विचार हो रहा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को कुछ समय के लिए रोक सकता है।

ममता की हार पर देवोलीना का तंज

### एक्ट्रेस का मानना है कि बंगाल में बदलाव की सख्त जरूरत थी



**कोलकाता।** 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहु के नाम से फेमस देवोलीना ने पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे आने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसा है। देवोलीना ने सोशल मीडिया पर खुशी जताई कि बंगाल में अब बदलाव आ गया है। बंगाल की रहने वाली एक्ट्रेस ने ममता बनर्जी की हार पर खुशी जताते हुए उन्हें प्रदेश के लिए एक 'बुरा सपना' बताया है। देवोलीना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर साफ कहा कि वह किसी राजनेता से अगर सबसे ज्यादा नफरत करती हैं, तो वो ममता बनर्जी ही हैं। देवोलीना ने ट्विटर एक्स पर लिखा कि बंगाल ने पिछले कई सालों में सबसे बुरा दौर देखा है। उन्होंने लिखा, अगर मैंने कभी किसी राजनेता से नफरत की है, तो वो यही हैं। आरजी (राहुल गांधी) और उनके गैंग से भी ज्यादा। एक्ट्रेस का मानना है कि बंगाल में बदलाव की सख्त जरूरत थी और अब जाकर जनता को राहत मिली है। उन्होंने ममता और उनकी टीम को सीधे 'टाटा' कह दिया। अपने पोस्ट में देवोलीना ने राहुल गांधी का भी जिक्र किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, असल में मुझे लगता है कि आरजी एक अच्छे इंसान हैं और उनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी कमाल का है, जो केंद्र सरकार के लिए हमेशा फायदेमंद साबित होता है। हालांकि, ममता बनर्जी के मामले में उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अब वह बंगाल की राजनीति में कभी नहीं दिखेंगी। देवोलीना ने अपने ट्वीट के आखिर में बंगाली भाषा का इस्तेमाल करते हुए लिखा कि अब बंगाल में कोई 'रुम्बा तुम्बा जुम्बा' नहीं चलेगा। उन्होंने लिखा, पलटानो दरकर चिलो सो पालते गेइछे (बदलाव की जरूरत थी और वो हो गया)। अब बंगाल में सिर्फ ढिंका चिका, ढिंका चिका होगा। फिलहाल देवोलीना छोटे पर्दे से दूर हैं और अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। उन्होंने दिसंबर 2022 में शनावाज शेख से शादी की थी और दिसंबर 2024 में उन्होंने एक बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम जॉय रखा है।

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 37 होगी, संसद के अगले सत्र में बिल पेश होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सरकार संसद के अगले सत्र में इससे जुड़ा विधेयक पेश करेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल चीफ जस्टिस समेत 33 जजों की तय संख्या है। सरकार इसमें चार नए जज जोड़ना चाहती है। इसके लिए संसद के अगले सत्र में बिल लाया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद 1956 के कानून में संशोधन किया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 124(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने का अधिकार संसद के पास है। कानून लागू होने के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम नए जजों के नाम सरकार को भेजेगा।

### सेंसेक्स 941 अंक चढ़कर 77,959 के स्तर पर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में बुधवार, 6 मई को तेजी रही। सेंसेक्स 941 अंक की तेजी के साथ 77,959 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 298 अंक की तेजी रही, ये 24,331 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, बैंकिंग और रिअल्टी शेयर्स में 2% से ज्यादा की बढ़त रही। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम को लेकर सकारात्मक खबरें आ रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के शांति समझौते के संकेत देने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। तनाव कम होने की उम्मीद और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की आवाजाही शुरू करने के प्रोजेक्ट फ्रीडम के ऐलान से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आ गई हैं, जो भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए बड़ी राहत है।

नई सरकार की तैयारियां शुरू: नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा

# पश्चिम बंगाल में 9 मई को बीजेपी का शपथ समारोह

## तमिलनाडु में विजय की शपथ टल सकती है, सरकार बनाने 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी/कोलकाता

पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख सामने आ गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य के अनुसार, नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, एनडीए व भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। दो दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे।

### अमित शाह बने मुख्य केंद्रीय पर्यवेक्षक



भाजपा के लिए बंगाल की क्या अहमियत है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए गृह मंत्री अमित शाह को मुख्य केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पार्टी की प्रचंड जीत के सूत्रधार माने जाने वाले शाह के साथ ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक होंगे। सूत्रों के अनुसार, चुनाव के दौरान पार्टी का चेहरा रहे शुभेंदु अधिकारी नए मुख्यमंत्री हो सकते हैं। विधायक दल की बैठक बृहस्पतिवार तक हो सकती है।



- तमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है।
- समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। एएनआई सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा।

बिहार के छपरा में ट्रक ने 10 आर्केस्ट्रा कलाकारों को रौंदा, 4 की मौत

# 3 डांसर्स के सिर धड़ से गायब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ छपरा

बिहार के छपरा में तेज रफ्तार ट्रक ने आर्केस्ट्रा के 10 कलाकारों को कुचल दिया। हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है। 6 की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह सभी कलाकार एक पिकअप में बैठकर जा रहे थे।

इसी दौरान स्पीड ब्रेकर की वजह से पिकअप के पिछले हिस्से में बैठे सभी लोग सड़क पर गिर गए। लोगों के गिरते ही छपरा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में 3 डांसर्स की मौत हुई और हादसे के बाद सभी के शव सड़क पर बिखरे थे। 3 शवों के सिर गायब थी। ट्रक सिर कुचलते हुए गुजर गया। आसपास मांस के टुकड़े बिखरे थे। मृतकों की पहचान राहुल, अवधेश, प्रीति और सोनी के तौर पर हुई है।



### सड़क पर खून और मांस के टुकड़े बिखरे थे

हादसे वाली सड़क पर खून और मांस के टुकड़े बिखरे थे। खाने-पीने का सामान नीचे गिरा था। लोगों के फटे कपड़े, जूते और चप्पल पड़े थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि स्पीड ब्रेकर की हाइट ज्यादा होने से उन लोगों की गाड़ी का पिछला हिस्सा अनियंत्रित होकर पलट गया। गलती ट्रक वाले की भी है, टक्कर के बाद उसे भागना नहीं चाहिए था, वह लोगों को कुचलता हुआ भाग गया।

### छपरा में शादी में डांस के बाद लौट रहे थे

घायलों ने बताया कि हम बलिया जिले के नरही क्षेत्र में संचालित 'मुस्कान ऑर्केस्ट्रा' में काम करते हैं। हम टीम के साथ छपरा के भगवान बाजार में एक शादी में डांस के बाद लौट रहे थे। हम लोग पिकअप में बैठे थे। हमारे साथ 5 डांसर भी थी। इनमें से 3 की मौत हो गई और 2 की हालत गंभीर है। बुधवार सुबह एनएच-19 हाजीपुर-गाजीपुर रोड में पीएन सिंह कॉलेज के बाद स्पीड ब्रेकर से झटका लगा। हम पिकअप के पीछे वाले हिस्से में बैठे थे, हम सड़क पर जा गिरे। पीछे से आ रहे ट्रक ने हम सभी को रौंद दिया। ये सब इतनी जल्दी हुआ की कुछ समझ ही नहीं आया। थोड़ी देर में सड़क पर लाशें बिछ गईं। कुछ लोग दर्द से तड़प रहे थे। ट्रक वाला लोगों के सिर कुचलते हुए भागा। एकदम से उनकी आवाज बंद हो गई। ट्रक वाला उन्हें नहीं कुचलता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी पहुंच गई थी। हमें अस्पताल लाया गया।

## ईरान के शॉपिंग सेंटर में आग लगने से जिंदा जले 8 लोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान की राजधानी तेहरान के पास स्थित एक बड़े शॉपिंग सेंटर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह आग मंगलवार की रात को को तेहरान प्रांत के अंडीशे शहर में स्थित अरघवान शॉपिंग सेंटर में लगी। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते उसने बहुमंजिला इमारत के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय शॉपिंग सेंटर में काफी संख्या में लोग मौजूद थे, जिससे मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

# दिनदहाड़े एटीएम कैश वैन से 20 लाख रुपये लूटे

## ड्राइवर को बंधक बनाकर फायरिंग भी की

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद में बुधवार दोपहर 1 बजे 3 बदमाशों ने 20 लाख रुपए से भरी एटीएम कैश वैन लूट ली। इंडिया वन कंपनी की इस कैश वैन के ड्राइवर को बदमाशों ने बंधक बना लिया और फायरिंग भी की। इसके बाद कैश वैन लेकर एक्सप्रेस-वे के रास्ते हापुड़ की ओर भाग निकले। ड्राइवर को डरा-धमकाकर गाड़ी से नीचे उतार दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की, तो उन्हें घटनास्थल से करीब 8 किमी दूर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर कैश वैन लावारिस हालत में मिली। उसमें रखे रुपए गायब थे। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि कैश वैन से कितनी रकम लूटी गई, इसका पता लगाया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामला जिला मुख्यालय से 7 किमी दूर क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र का है। एचपी पेट्रोल पंप के पास इंडिया वन का एटीएम बूथ है। यह मेन रोड से करीब 50 मीटर अंदर गली में है। बुधवार दोपहर 1 बजे कंपनी के 4 कर्मचारी कैश वैन लेकर एटीएम में पैसा डालने गए थे। गार्ड और 2 कर्मचारी कैश लेकर एटीएम की तरफ चले गए। ड्राइवर अकेला वैन में बैठा था।

अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी

## पूरे देश में पब्लिक वाई-फाई का एक ही पासवर्ड होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है।

अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं।

सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3 जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा।

**कमाई का मॉडल बनाना मकसद-** पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाईफाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे।

## बंगाल में भाजपा : बांग्लादेश को नागरिकों की वापसी का डर

### बांग्लादेशी मंत्री बोले- उम्मीद है जबरन नहीं भेजा जाएगा, बॉर्डर फोर्स अलर्ट पर

एजेंसी ▶▶ ढाका

पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद बांग्लादेश सरकार को आशंका है कि उसके लोगों को जबरन भारत से निकाला जा सकता है। अब इसे लेकर बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा उम्मीद है कि भारत से लोगों को जबरन सीमा पार भेजने यानी 'पुशबैक' की घटनाएं नहीं बढ़ेंगी।



सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि वे नहीं चाहते कि किसी को अवैध प्रवासी बताकर भारत से बांग्लादेश की तरफ धकेला जाए। इसी के मद्देनजर बांग्लादेश की बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने भी कहा था कि अगर ऐसे मामले होते हैं, तो बांग्लादेश कार्रवाई करेगा। पुशबैक का मतलब किसी व्यक्ति को जबरन सीमा पार भेज देना। पिछले कुछ सालों में भारत और बांग्लादेश की सीमा पर ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। दरअसल बंगाल चुनाव के दौरान बीजेपी ने ममता बनर्जी की सरकार पर आरोप लगाया था उसने बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों को शरण दी है।

**बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी के नेता ने बीजेपी को बधाई दी-** उधर बांग्लादेश की सत्ताधारी पार्टी के सूचना सचिव अजीजुल बारी हेलाल ने बीजेपी को जीत की बधाई दी और कहा कि इससे भारत-बांग्लादेश के संबंध मजबूत हो सकते हैं।

गोकशी मामले में प्रशासन की त्वरित कार्यवाही

# तीन थानों की पुलिस और ड्रोन के पहरे के बीच दो मकान बुलडोजर से ढहाए

## 10 एसडीएम, तहसीलदार और एसडीओपी तैनात रहे, ड्रोन से भी निगरानी की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

गोकशी मामले में गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को बडा एक्शन लेते हुए बुलडोजर कार्रवाई की गई। स्थानीय वार्ड-15 स्थित मुकैरवाडी और वार्ड-11 पटेलवाडी क्षेत्र में दो मुख्य आरोपितों के मकानों पर जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। करीब तीन घंटे तक चली इस कार्रवाई के दौरान पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा।

तीन थानों के पुलिस बल ने एसडीएम रोहित बम्हौरे, तहसीलदार आकाश शर्मा, एसडीओपी अरविंद सिंह, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी की मौजूदगी में प्रशासनिक अमले ने कार्रवाई लगातार निगरानी की। कार्रवाई करने प्रशासनिक अमला सुबह से मौके पर नजर दिखाई दिया।

कार्रवाई के लिए दो जेसीबी मशीनों को लगाया गया। जैसे ही मकानों पर तोड़फोड़ शुरू हुई, आसपास बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। संडावता और अकोदिया नाका की ओर जाने वाले मार्गों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि घ्रणित अपराध करने वालों पर पुलिस-प्रशासन इसी तरह कार्रवाई आगे भी करता रहेगा।



**इन दो आरोपितों के मकानों पर चली जेसीबी-** प्रशासन ने गोकशी मामले में आरोपित जाकिर पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मुकैरवाडी व आमिन पुत्र यूनुस निवासी पटेलवाडी के मकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की। दोनों मकानों को अवैध निर्माण बताते हुए नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम ने ध्वस्त किया। अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ गोकशी सहित अन्य प्रकरण दर्ज हैं।

**तीन थानों का बल, अफसर मौके पर डटे रहे-** कार्रवाई के दौरान एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे, पचोर थाना प्रभारी शंकुतला बामनिया व तलेन थाना प्रभारी धर्मवीर पलैया सहित पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारंगपुर, पचोर और तलेन थानों का पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस बल लगातार अलर्ट मोड पर रहा और ड्रोन से भी निगरानी की गई।

### गोकशी मामले में हुई थी कार्रवाई

दो दिन पहले सारंगपुर पुलिस ने अकोदिया नाका क्षेत्र में दबिश देकर गोकशी मामले में कार्रवाई की थी। पुलिस ने मौके से हथियार, बाइक और गोवंश के अवशेष जब्त किए थे। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि दो आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपित खेतों और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर एक आरोपित को मौके पर पकड लिया था। बाद में पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों को भी प्रकरण में शामिल किया गया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सुधार की गुंजाइश

शहर में वाहन चालकों की मनमानी एवं लापरवाही को लेकर सोशल मीडिया पर कार्टून भी आने लगे हैं। वर्दी के नियंत्रण के दौरान उस पर आरोप की स्थिति बनती रही है। यातायात का मसला सीधे और सिरे से जागरूकता से जुड़ा हुआ है नियमों के पालन से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में वर्दी मुख्यालय से यातायात पखवाड़ा जागरूकता के साथ चल रहा है। इस दौरान वाहन चालकों को खुद की सुरक्षा के लिए सचेत करते हुए समझाइश भी दी जा रही है और चालान भी काटे जा रहे हैं। गर्मी के दौर में हेलमेट के लिए भी जागरूक करते हुए चालानी कार्रवाई अंजाम दी जा रही है। इसमें कोई शक सुबा नहीं है कि शहर में यातायात संकेतकों का उल्लंघन एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन अब आम हो चुका है वाहन चालक मनमानी की तमाम हदें पार कर रहे हैं। प्रमुख चौराहों पर ही ऐसे हाल देखे जा सकते हैं। वर्दी की अनुपस्थिति के चलते अपनी जिम्मेदारियों को वाहन चालक ताक में रखकर चल रहे हैं। ऐसे में अगर एक वर्दीधारी की उपस्थिति भी रहती है तो भय के कारण उद्दंडता काफूर हो जाती है। पखवाड़े के शेष बचे 5 दिनों में अब सीधे-सीधे सड़कों पर वर्दी को उतरकर नियमों की अवहेलना एवं उद्दंडता को नियंत्रित करने का काम अंजाम देना चाहिए। ऐसे वाहन चालकों को गांधीवादी तरीके से एक घंटे सडक के नियमों के पालन करवाने का कार्य सौंपा जाना चाहिए। यही नहीं ऐसे वाहन चालकों से यातायात सुविधा में सहयोग लेते हुए उससे नागरिक के कर्त्तव्य का बोध करवाना जरूरी हो गया है। खुसूर-फुसूर है कि धार्मिक शहर की सबसे घट्टिया व्यवस्था में यातायात की स्थिति है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के समक्ष इससे अच्छा संदेश नहीं जाता है। ऐसे में वर्दी को सुधार की गुंजाइश के तहत अब नया प्रयोग करना चाहिए। उद्दंडता और नियमों की अवहेलना करने वालों को स्पाट पर ही गांधीवादी तरीके से दंड दिया जाना चाहिए और उसे वर्दी के सोश्यल मिडिया पर प्रसारित किया जाना चाहिए। इससे ऐसे लोगों में एक भय की स्थिति निर्मित होगी।




## न्यूज कॉलम

### निगम आयुक्त ने वार्ड 43 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्र. 43 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के नागरिकों द्वारा घर से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने पर वार्ड के नागरिकों का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। निगम आयुक्त द्वारा बुधवार को वार्ड 43 अंतर्गत अशोकनगर, वाल्मीकि नगर, लक्ष्मी नगर, वल्लभनगर, देसाई नगर, मक्सी रोड ब्रिज आईटीआई मार्ग सहित संपूर्ण वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा निर्देशित किया की वार्ड में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें, नालियों की सफाई नियमित रूप से हो कोई भी कर्मचारी, सफाई मित्र नाली में कचरा नहीं डालें साथ ही नालियों पर जो अतिक्रमण किया गया है उसे हटाया जाए निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा नागरिकों से सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की एवं स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत सकारात्मक फीडबैक देने, अभियान में सहयोग करने की अपील की, निरीक्षण के दौरान देखने में आया कि क्षेत्र के नागरिकों द्वारा घर से निकलने वाला कचरा अलग-अलग दिया जा रहा है जिसमें निगम आयुक्त द्वारा वार्ड के नागरिक से हाथ मिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया, निरीक्षण के दौरान खुले में कचरा पाया गया जिसकी सफाई मित्र से जांच करने पर एक्सरे मिलने से पाया कि कचरा किसके द्वारा खुले में फेंका गया है जिसके आधार पर संबंधित पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

### ज्ञानोदय विद्यालय उज्जैन में कक्षा 11वीं प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**उज्जैन।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित संभाग स्तरीय शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय, देवास रोड नागझिरी लालपुर उज्जैन (सीबीएसई बोर्ड) में शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य ने दी। प्राचार्य के अनुसार विद्यालय में कुल 71 रिक्त सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें बालकों के लिए 42 एवं कन्याओं के लिए 29 सीटें निर्धारित हैं। रिक्त सीटों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव रहेगा। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का पूर्व कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अथवा ए एवं बी ग्रेड में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। विद्यालय में 90 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। शेष 10 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के बीपीएल कार्डधारी विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 29 मई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र विद्यालय कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर वहीं जमा किए जा सकेंगे। प्राचार्य ने बताया कि 10वीं कक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी तथा विषय वरीयता क्रम के अनुसार चयन सूची 2 जून 2026 को विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। आवेदन पत्र के साथ पूर्व कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र, एक पासपोर्ट आकार का फोटो तथा अन्य वर्गों के विद्यार्थियों हेतु बीपीएल कार्ड संलग्न करना अनिवार्य रहेगा। प्राचार्य द्वारा यह भी बताया गया कि इस वर्ष का कक्षा 10 का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम 99% जिसमें 80% छात्र प्रथम श्रेणी में तथा 20% छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए इसके लिए संभागीय उपायुक्त बृजेश चंद्र पांडे द्वारा संस्था के कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं प्राचार्य को बधाई दी गई।

निगमायुक्त वार्ड में पहुंचे कचरा प्रथक्करण को देखकर प्रसन्नता जताई

# कचरे ने बताया फेंकने वाले का पता, निगम टीम ने घर पहुंच चालान किया

### महापौर ने सफाई मित्रों को प्रोत्साहन देते हुए हार पहनाया, निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर टीम के आने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है नगर निगम शासन एवं प्रशासन अपनी कसावट को बढ़ाते हुए क्षेत्रों में स्वच्छता के तहत कार्य करवा रहे हैं। बेतरतीब कचरा फेंकने वालों को कचरे से पता पूछ कर पकड़ा जा रहा है उन पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। ऐसा ही मामला बुधवार को निगमायुक्त के निर्देश पर अंजाम दिया गया है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 अन्तर्गत आयुक्त अभिलाष मिश्रा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के क्रम में बुधवार को प्रातःकाल वार्ड क्र. 43 अन्तर्गत पहुंचे थे। यहां कचरा का ढेर पाये जाने पर उन्होंने सफाई मित्रों से करवाई के निर्देश प्रदान किये थे। निर्देश पर सफाई मित्रों ने कचरे की जांच की। कचरे में मिले दस्तावेज तथा हास्पिटल की जांच के आधार पर पता चला की अधिकतम कचरा लक्ष्मी नगर स्थित कोरियर कम्पनी संचालक द्वारा फेका गया था। स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर एवं स्वास्थ्य निरीक्षक ईदरिश खान द्वारा कचरे से मिले दस्तावेज के आधार पर लक्ष्मीनगर स्थित कोरियर कम्पनी संचालक पर राशि रुपए 5 हजार का जुमार्ना किया गया। इसी के साथ ही दलेल लगाई जाकर सफाई कार्य करवाया गया। एक अन्य नागरिक पर भी खुले पर कचरा फेंकने पर पांच सौ रूपए का जुमार्ना किया गया।



### हाथ मिलाकर धन्यवाद किया नागरिकों का

आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 43 में सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान वार्ड के नागरिकों द्वारा घर से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने पर वार्ड के नागरिकों का धन्यवाद एवं इस पर निगम आयुक्त द्वारा वार्ड के नागरिक से हाथ मिलाकर धन्यवाद, आभार ज्ञापित किया। उन्होंने वार्ड के अशोकनगर, वाल्मीकि नगर, लक्ष्मी नगर, वल्लभनगर, देसाई नगर, मक्सी रोड ब्रिज आईटीआई मार्ग पर निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें, नालियों की सफाई नियमित रूप से किए जाने, कर्मचारी, सफाई मित्र नाली में कचरा नहीं डालें साथ ही नालियों पर जो अतिक्रमण किया गया है उसे हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा नागरिकों से सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की एवं स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत सकारात्मक फीडबैक देने, अभियान में सहयोग करने की अपील की।

### अमले को आयुक्त का निर्देश

किसी भी स्थिति में खुले में कचरा पाया जाना, कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा पाया जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी स्थिति पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रमुख मार्गों के साथ ही गली मोहल्लो की सड़के एवं नालियों भी पूर्णतः साफ एवं स्वच्छ होनी चाहिए, कही भी कोई गंदगी करता पाया जाए तो तत्काल सम्बंधित पर चालानी कार्यवाही करते हुए उक्त स्थल की सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जाए।

### पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया

विशेष सफाई अभियान में महापौर मुकेश टटवाल ने 4 वार्डों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। जिसमें महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 28 दूध तलाई, दौलतगंज, घी मंडी, वार्ड क्रमांक 46 बंगाली कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 39 किशनपुरा बालाजी मंदिर पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दूध तलाई मंडी के फूलों को सड़क पर खुले में देने के मामले में निर्माल्य वाहन में फूलों को एकत्रित किये जाने की ताकीद की साथ ही दुकानदारों को समझाइश देते हुए गंदगी ना के लिए समझाइश दी। किशनपुरा बालाजी मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर में महापौर द्वारा पोछा लगाया गया साथ ही नगर निगम के सफाई मित्रों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।

होल्डिंग क्षेत्र के काम दिसंबर 27 तक पूर्ण होंगे, विशेष निरीक्षण यान से अन्य जगह पहुंचे

# परे जीएम पांडे बोले - सिंहस्थ के काम जून 2027 तक पूरे होंगे, देखी तैयारियां

## सिंहस्थ में शार्ट डिस्टेंस टाइप की लोकल ट्रेनें लगातार चलेंगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) रामाश्रय पांडे बुधवार को उज्जैन रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने स्टेशन पर एक घंटे से अधिक समय तैयारियों को देखा। उसके उपरांत वे आसपास के स्टेशन देखने निकले। अपराह्न में उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि जून 27 तक सिंहस्थ के सभी काम पूर्ण कर लिए जाएंगे। होल्डिंग एरिया के काम दिसंबर 27 तक पूर्ण होंगे। सिंहस्थ में शार्ट डिस्टेंस टाईप की लोकल ट्रेनें लगातार चलेंगी।

अपराह्न में मीडिया से चर्चा के दौरान उनके साथ सांसद अनिल फिरोजिया भी थे उन्होंने कहा कि बुधवार को नवनियुक्त महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया है। पंवासा, हासामपुरा आदि क्षेत्र में निरीक्षण किया गया है। जीएम ने कुछ मामलों में सुझाव दिया है।



महाप्रबंधक पांडे तय प्रोग्राम से हटकर मंगलवार रात ही स्पेशल सलून से उज्जैन पहुंच गए थे। पहले वह बुधवार सुबह आने वाले थे। तड़के वह श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और भस्मार्ती में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सिंहस्थ की तैयारियों का मुआयना किया। उज्जैन स्टेशन पर निरीक्षण में उन्होंने 1 से 8 नंबर प्लेटफॉर्म नंबर तक लिफ्ट, सफाई, टॉयलेट, टिकट विंडो, रनिंग रूम, स्वास्थ्य केंद्र को मापदंड के आधार पर देखा है। यहां से वे विशेष निरीक्षण यान से पिंगलेश्वर, पंवासा, मोहनपुरा और नईखेड़ी पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण की शुरूआत मालगोदाम के समीप रोप-वे से की। इसके बाद वह प्लेटफॉर्म 1 का निरीक्षण करते हुए बाहर निकले। इस दौरान स्टेशन चकाचक नजर आया।

### लिफ्ट का बटन दबाकर देखा

यहां से वह सीधे रनिंग रूम पहुंचे और करीब 10 मिनट तक रुके। इस दौरान उन्होंने रहने व भोजन की व्यवस्थाओं को देखा। इसके पश्चात स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां मिलने सुविधाओं की जानकारी ली। जीएम वापस प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर आए और टिकट विंडो का निरीक्षण करते हुए लिफ्ट में पहुंचे। उन्होंने बटन दबाकर देखा कि लिफ्ट ठीक से काम कर रही है या नहीं। तत्पश्चात जीएम प्लेटफॉर्म 1 से फुट ओवरब्रिज से होकर प्लेटफॉर्म 8 पर पहुंचे। यहां भी टॉयलेट देखे और जीआरपी थाने के समीप नियंत्रण कक्ष पहुंचे। उन्हें मेप के जरिए प्लानिंग बताई कि सिंहस्थ में किस तरह भीड़ को मैनेज किया जाएगा, किस तरह से प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। उज्जैन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण खत्म करने के बाद वे विशेष निरीक्षण यान में बैठकर पिंगलेश्वर, पंवासा, मोहनपुरा, नईखेड़ी में चल रहे सिंहस्थ कार्यों का मुआयना करने पहुंचे।

## रेलवे के महाप्रबंधक को वेरे मजदूर संघ ने समस्याओं का ज्ञापन सौंपा



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडे के उज्जैन आगमन पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ रतलाम मंडल के मंडल मंत्री अभिलाष नागर के नेतृत्व में स्वागत कर रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

निम्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया- पश्चिम रेलवे में विगत कई वर्षों से लंबित रेल्वे की विभागीय पदोन्नति परीक्षाओं जीडीसीई का आयोजन शीघ्र करने, रतलाम मंडल में पूर्व में अस्वीकृत किए गए अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करने, अस्थायी ट्रांसफर पर पालनपुर भेजे गए लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट को वापस मंडल लाने हेतु, नए रेल आवासो का निर्माण करने विषयक, पश्चिम रेलवे मे ट्रक्मेन्टेनर को रक्षक उपकरण देने हेतु, रतलाम मंडल के गोधरा-नागदा खण्ड में पाईन्ट्समेन का ड्यूटी रोस्टर 12 घंटे से 08 घंटे करने के संबंध में, एनएसपीएन स्टेशन रतलाम मंडल के स्टेशन मास्टरों के रोस्टर वर्गीकरण को बदलने हेतु तत्काल हस्तक्षेप के संबंध में, ट्रेन मैनेजर संवर्ग के हायर कैपेसिटी अलाउंस के भुगतान बाबत, शटिंग मास्टर पदोन्नति परीक्षा माह मई में शीघ्र आयोजित करने, डीजल शेड रतलाम, इंदौर कोचिंग डिपो, शम्भू पूरा डिपो में विद्यमान भारी रिक्तियों को शीघ्र भरा जाए। इस अवसर पर वेरे मजदूर संघ उज्जैन शाखा सचिव चेतन्य चौधरी, अध्यक्ष नरेन्द्र सहगल, उपाध्यक्ष अविनाश श्रीवास, सहायक सचिव जीआर जरिया एवं अनिल देवड़ा के साथ मुश्ताक खान, युवा सचिव आयुष वर्मा, जयवर्धन, प्रदीप, अखिलेश परमार, सोनू वर्मा, शाकिर आदि उपस्थित रहे।

# जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष 6 माह के लिए जिलाबदर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक जाट को छह माह के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोशन सिंह ने जिला बदर किया है। इस दौरान जाट उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा में भी नहीं रह सकेंगे।

उज्जैन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने थाना भैरवगढ़ निवासी ओर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट पिता देवराम जाट को छह माह के लिए जिला बदर किया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदक के विरूद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसे लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी का कहना है कि यह प्रशासन की तानाशाही है। किसान हित की आवाज उठाना जाट के लिए अहितकारी हो गया है। वे अपराधी प्रवृत्ति के नहीं हैं। शहर में कई अपराधों वाले अपराधियों को प्रश्रय दिया जा रहा है और हक की आवाज उठाने वालों को जिला बदर किया जा रहा है।

श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों के धरना पर पहुंचे कांग्रेस शहर अध्यक्ष दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

# कर्मचारियों ने बकाया राशि के भुगतान एवं पेंशन बढ़ाने की मांग रखी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बुधवार को श्री सिंथेटिक्स के पूर्व कर्मचारियों ने टावर चौक अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान यहां लगने वाले ठेला व्यवसायी गायब रहे। धरने पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने पहुंचकर पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। कर्मचारियों ने न्यूनतम 7500 पेंशन, महंगाई भत्ता (डीए) और चिकित्सा सुविधाओं की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि निजी उद्योगों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वर्तमान में मात्र 1000 प्रति माह पेंशन मिल रही है, जो आज के समय में अपर्याप्त है। कर्मचारियों ने मांग की है कि पेंशन राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 7500 किया जाए और इसके साथ डीए तथा चिकित्सा सुविधाएं भी प्रदान की जाएं। कर्मचारियों के अनुसार, वे पिछले 11 वर्षों से इन मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। रिटायर्ड मेजर अशोक रावत के नेतृत्व में दिल्ली में भी लगातार आंदोलन जारी है। उज्जैन में यह धरना उसी राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एक हिस्सा था।



### बकाया के लिए अनुग्रह रखा

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि श्री सिंथेटिक्स उद्योग को बंद हुए 21 वर्ष हो चुके हैं। इसके बावजूद, कर्मचारियों के 19 माह का वेतन, ग्रेच्युटी, बोनस और भविष्य निधि (पीएफ) की राशि अभी तक बकाया है। कर्मचारियों ने सरकार से इन सभी लंबित देयों का शीघ्र भुगतान कराने की भी मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि वे उनकी मांगों का संज्ञान लें और प्रधानमंत्री, श्रम मंत्री तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को आवश्यक निर्देश जारी करें। इसका उद्देश्य पेंशन वृद्धि के साथ-साथ बकाया राशि का भी जल्द से जल्द भुगतान सुनिश्चित करना है। यह प्रदर्शन श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों और असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के बैनर तले आयोजित किया गया। हाल ही में हुए इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया।

प्रदेश में किसान भाइयों के विरुद्ध हो रहे निरंतर अत्याचार और दमनकारी नीतियों के विरोध में

# सरकार के पास गेहूं खरीदने की न तो सही नीति है और न ही नियत

## पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में चक्काजाम को ऐतिहासिक बनाने हेतु बड़नगर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में प्रदेश में किसान भाइयों के विरुद्ध हो रहे निरंतर अत्याचार और दमनकारी नीतियों के विरोध में आज 7 मई को विशाल प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर प्रस्तावित चक्काजाम को ऐतिहासिक बनाने हेतु बड़नगर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता व किसान भाइयों ने सरकार के विरुद्ध रोष व्यक्त करते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही।

43 डिग्री की गर्मी में किसान भाई अपनी गेहूँ की फसल लेकर सड़क किनारे खड़े रहने पर मजबूर हैं, क्योंकि मोहन सरकार के पास गेहूँ खरीदने की न सही नीति है, न सही नियत। हर खरीदी केंद्र पर गड़बड़ियां, टोल काँटों की कमी और अव्यवस्था से आज पूरे प्रदेश का किसान खून के आंसू रो रहा है।




पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर, मैं बड़नगर विधानसभा के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता और पीड़ित किसान भाई से अपील करता हूँ कि आज भारी से भारी संख्या में सुबह 11 बजे शाजापुर पहुँचें। हमारा लक्ष्य किसानों के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकना और सरकार की नींद उड़ाना है।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, हेमन्त उपाध्याय, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पटेल, खरसोदकलां किसान कांग्रेस अध्यक्ष विशाल जाट, जनपद सदस्य प्रहलादसंहि देवड़ा, नरेन्द्रसिंह राठोर, राधेश्याम परमार, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष करण मोरवाल, पार्षदपति फकिर मोहम्मद, अमित जाट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहनलाल त्रिवेदी, बार एशोसीएशन अध्यक्ष करण राठोर सहित आदि कार्यकर्ता व किसान जन उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन दिनेश सनोलिया ने किया आभार पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला ने माना उक्त जानकारी एडव्होकेट निलेश शर्मा ने दी।

### प्रदेशव्यापी चक्काजाम

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग चक्का जाम किया जाएगा। आगे बताया कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी किसानों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क पर उतर रही है। बड़नगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं को एकजुट कर शाजापुर आंदोलन की सफलता के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुरली मोरवाल ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां किसान विरोधी हैं और प्रदेश का अन्नदाता आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आज आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर प्रदेशव्यापी चक्काजाम के माध्यम से सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार, 7 मई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### 3.37 करोड़ की जमीन 50 लाख में बेची, सात पर केस

**इंदौर।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने करण गृह निर्माण सहकारी संस्था में 2.87 करोड़ रुपए के गबन के मामले में संस्था अध्यक्ष विजय राठी समेत सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि संस्था की जमीन की कीमत कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार 3.37 करोड़ रुपए थी, जिसे सस्ते सौदे के नाम पर मात्र 50 लाख रुपए में बेच दिया गया। ईओडब्ल्यू एसपी रामेश्वर सिंह यादव के मुताबिक, घोटाला संगठित तरीके से अंजाम दिया गया। जमीन बिक्री से मिली राशि को संस्था के हित में उपयोग करने के बजाय आरोपियों ने परिजनों से जुड़ी कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कर दिया। ईओडब्ल्यू ने संस्था, संबंधित कंपनियों और उनके डायरेक्टर्स सहित सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### अनियमितताएं पाये जाने पर एमके होटल को किया गया सील

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज महू क्षेत्र में एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पुलिस की टीम द्वारा ग्राम संतेर (किशनगंज) में एमके होटल में फायर सेफ़्टी के लिए निरीक्षण किया गया। मौके पर पाया गया की होटल अवैध रूप से ग्राम के सरपंच पति मनोज कौशल द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसमें बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। जिसके संबंध में आबकारी उप निरीक्षक को मौके पर बुलाकर कार्रवाई की गई। होटल में फायर सेफ्टी नॉर्म्स भी नहीं पाए गए। होटल के संचालन में कई अनियमितताएं पाई गई। होटल में घरेलू सिलेंडर पाये जाने पर फूड विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई की गयी। होटल जिस बिल्डिंग में बना हुआ था, उस बिल्डिंग की पंचायत एवं राजस्व विभाग से किसी भी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी।

### बाल विकास विभाग द्वारा 13 वर्षीय बालक को बालश्रम से कराया मुक्त

**इंदौर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रजनीश सिन्हा द्वारा दिए गए निदेर्शानुसार द्वारकापुरी क्षेत्रान्तर्गत बाल श्रम की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में एक 13 वर्षीय बालक गैराज पर काम करता हुआ पाया गया। नियोजक पर कार्यवाही करते हुए लैबर लॉ के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया एवं बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र पण्ड्या के आदेश से संस्था लोक बिरादरी ट्रस्ट अरमान इंदौर में प्रवेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर से आशीष गोस्वामी, श्रम विभाग से श्री प्रवेश गुप्ता, चाइल्ड लाईन से फूलसिंग कारपेंटर एवं संस्था आस से राहुल गोठाने तथा थाना द्वारकापुरी से पुलिस बल द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई।

### मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 12 मई को

**इंदौर।** इंदौर जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में निवासित सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याण के लिये मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आगामी 12 मई को प्रातः 11.30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कालोनी के सभागार में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी संबोधित करेंगे । इस दौरान पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्या का निदान किया जायेगा एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी । सभी पूर्व सैनिकों एवं परिवारों से आग्रह किया गया है कि सम्मेलन में उपस्थित होकर अवसर का लाभ लें।

### बिना अनुमति के निर्माण संबंधी सुनवाई आज

**इंदौर।** इन्दौर में बिना अनुमति के निर्माण के एक मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के आदेश के पालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा सुनवाई निर्धारित की गई है। डब्ल्यू.पी. क्रमांक 17126/2024 मनोज विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 09 जुलाई 2024 के परिप्रेक्ष्य में यह सुनवाई की जा रही है। यह सुनवाई 7 मई 2026 को अपराह्न 3:30 बजे कलेक्टर न्यायालय, कक्ष क्रमांक 101, इन्दौर में की जाएगी। संबंधित पक्षों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश सार्वजनिक स्थान (धार्मिक भवन एवं गतिविधियों का विनियमन) अधिनियम, 2001 के तहत कस्बा इन्दौर स्थित इन्दौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 44 के पार्किंग स्थल पर निर्मित धार्मिक स्थल (मोरी वाले बाबा की दरगाह, मस्जिद एवं दुकानों) के बिना अनुमति निर्माण के संबंध में प्रकरण की सुनवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि यदि किसी संस्था या व्यक्ति को उक्त प्रकरण में कोई आपत्ति या पक्ष प्रस्तुत करना हो, तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता/अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

---

### आरोप-सरपंच और उसके 25 साथियों ने डंडे-रॉड से पीटा

# तराना में किसान परिवार पर हमला

## ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया, एसपी से शिकायत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले के तराना क्षेत्र में खेत के रास्ते को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ग्राम गुराड़ियाडांगर निवासी किसान सुरेश ने गांव के सरपंच भगवानसिंह सहित 20-25 लोगों पर जबरन कब्जा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक उज्जैन को दिए आवेदन में बताया कि खेत के रास्ते (सेड़ा) को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि सरपंच अपने पद का दुरुपयोग कर खेत से जबरन रास्ता निकालने का प्रयास कर रहे थे।



#### तलवार एवं डंडे से हमला

घटना 5 मई 2026 की सुबह करीब 10 बजे की बताई गई है, जब सरपंच भगवान सिंह अपने साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर सुरेश के घर पहुंचे। आरोप है कि तलवार, डंडे, रॉड और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता और जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया।

#### आरोप-ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास भी किया

हमले में सुरेश के भाई को गंभीर चोटें आईं, जबकि मां, भाभी सहित अन्य परिजन भी घायल हुए हैं। पीड़ित का आरोप है कि एक आरोपी ने ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास भी किया। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल चरक भवन में भर्ती कराया गया।

#### पुलिस पर कार्रवाई ना करने का आरोप

सुरेश का कहना है कि घटना की सूचना पुलिस थाना कायथा को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित ने एसपी प्रदीप शर्मा से आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, मारपीट और धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

---

# इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन आंदोलन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है।

यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के कार्यों में मदद के लिए नागरिक और कॉर्पोरेट सेक्टर भी आगे आ रहे हैं। इनके सहयोग से पुरानी बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कर उनका सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है तथा उपयोगी बनाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में वर्ष 2026-27 के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य जा रहे हैं। बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक ने 15 बावड़ियों की सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया है। इसी तरह आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 10 कुएं के जीर्णोद्धार की जिम्मेवारी ली गई है। सोनिक बॉयोकेम द्वारा 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। मोयरा सरिया द्वार दो हजार घरों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए दो हजार फिल्टर दिए गए हैं। इसी तरह कृतज्ञ वेल्फेयर सोसायटी द्वारा 150 रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण किया जा रहा है। इफ्का फाउंडेशन द्वारा बायपास एवं मुख्य चौराहों पर ड्रम प्लांटेशन किया जा रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी 10 हजार पौधारोपण और एक हजार रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए फिल्टर देने की जिम्मेदारी ली है।

---

### तीन युवक गिरफ्तार, बीच सड़क माफी मांगते हुए धकेली कार

# इंदौर में कार स्टंट का जुनून पड़ा भारी...

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की रेड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

चलती कार में स्टंट कर जान जोखिम में डालने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवकों का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया था। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया और उनकी कार भी जब्त कर ली। उनका नया वीडियो जारी हुआ जिसमें वे कार धकेलते और माफी मांगते हुए नजर आ रहे हैं। टीआई संतोष दूधी के अनुसार वायरल वीडियो में कार क्रमांक (MP13ZT7596) का चालक भंवरकुआं ब्रिज पर लापरवाही पूर्वक स्टंट करता नजर आया। यह हरकत न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन थी, बल्कि आम लोगों की जान के लिए भी खतरा बन रही थी। गाड़ी ब्रिज पर चल रही थी और दो युवक दरवाजों से लटक रहे थे। एक युवक सनरूफ से बाहर था।



मामले में थाना भंवरकुआं पर अपराध बीएनएस की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 112/183(1) व 184 के तहत प्रकरण कायम किया गया। पुलिस ने बुधवार को एक टीम गठित की और कार के सीसीटीवी फुटेज निकाले गए। उसके आधार पर 22 वर्षीय प्रतीक पुत्र मनोज निहाले, निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया।

#### कड़ी धूप में मांगी माफी पुलिस ने जब्त की कार

पुलिस ने आरोपितों की कार भी जब्त कर ली है। दोपहर को उनका नया वीडियो बनाया गया। आरोपित कड़ी धूप में कार को धकेलते हुए ले जा रहे थे और स्टंट करने पर माफी मांगते नजर आ रहे थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की जानलेवा हरकतों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# बिना खाद्य पंजीयन संचालित हो रही इकाई को विभाग ने किया बंद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा 4/227 रमापति विहार, राऊ स्थित मेसर्स नीलकंठ गृह उद्योग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर कच्चे आलू चिप्स एवं कच्चा आलू लच्छा लगभग 3000 किलोग्राम मात्रा में मानव उपभोग हेतु भंडारित पाया गया। मौके पर प्रभारी मुकेश कुरोची उपस्थित पाए गए, जिन्होंने बताया कि उक्त सामग्री सिमरोल रोड, सुतारखेड़ी (महू) स्थित इसी फर्म की फैक्ट्री में निर्मित होती है। निरीक्षण में पाया गया कि प्रतिष्ठान के पास कोई वैध खाद्य पंजीयन उपलब्ध नहीं था। मौके से कच्चे आलू चिप्स एवं कच्चा आलू लच्छा के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही बिना वैध खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किए जाने पर प्रथम दृष्टया प्रकरण तैयार किया गया एवं वैध पंजीयन प्राप्ति तक परिसर में खाद्य कारोबार गतिविधियां बंद कराई गईं।

---

### समर्पण, कर्मठता और लगनशीलता की मिसाल बने प्रगणकों का कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया सम्मान

# दो प्रगणकों ने निर्धारित समय से पहले ही पूर्ण किया प्रथम चरण का कार्य

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य तेज गति से जारी है। इंदौर में दो प्रगणकों ने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण, कर्मठता और लगनशीलता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। इन्होंने निर्धारित समय से पहले ही सौंपे गए कार्य को पूर्ण कर लिया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की मिसाल पेश करने वाले इन दोनों प्रगणकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तथा जनगणना के प्रभारी अधिकारी नवजीवन विजय पवार भी मौजूद थे।

सीमित समय में उत्कृष्ट कार्य पूर्ण करने वाले इन प्रगणकों ने यह साबित कर दिया कि लगन और ईमानदारी से किया गया प्रयास हर चुनौती को आसान बना देता है। इंदौर जिले में वर्ष 2026 की जनगणना का कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में जुटे प्रगणकों के बीच कुछ ऐसे भी उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने अपने कार्य को निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर नई प्रेरणा दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने ऐसे ही दो प्रगणकों निर्मला शर्मा और बद्रीलाल तरोला को श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

कैलोद हाला क्षेत्र की प्रगणक श्रीमती निर्मला शर्मा ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण से मात्र 6 दिनों में अपने हिस्से का पूरा कार्य संपन्न किया। उन्हें 120 मकानों की गणना का दायित्व सौंपा गया था। विशेष बात यह है कि शारीरिक चुनौती के बावजूद उन्होंने यह कार्य पूरी निष्ठा से पूरा किया। उनके दोनों पैरों में रॉड डली हुई है। इसके बावजूद भी उन्होंने घर-घर पहुँचकर पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य पूर्ण किया।

श्रीमती निर्मला शर्मा ने अन्य प्रगणकों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए और राष्ट्रीय कार्यों में पूर्ण निष्ठा के साथ योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा मिला यह सम्मान उनके जीवन का पहला सम्मान है, जो उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

इसी प्रकार प्रगणक बद्रीलाल तरोला ने भी अपने कर्तव्यों के प्रति अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। उन्हें एक ब्लाक की गणना का कार्य सौंपा गया था। उन्होंने यह कार्य चंद दिनों में ही पूरा कर लिया। अपना कार्य पूर्ण होने पर उन्होंने अन्य तीन ब्लॉकों का कार्य भी स्वयं आगे आकर लिया और उसे भी एक सप्ताह में ही पूरा कर दिया। उन्होंने बताया कि यदि मन लगाकर और पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाए, तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता और समय से पहले पूरा किया जा सकता है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने दोनों प्रगणकों की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार का समर्पण अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

---

### महापौर बोले- 3 दिन में खुद हटा लें अतिक्रमण

**इंदौर।** मधुमिलन चौराहे से छावनी तक प्रस्तावित रोड के चौड़ीकरण का काम होना है। इसे लेकर मंगलवार को जनप्रतिनिधि सड़क पर उतरे और यहां का दौरा किया। यहां लोगों को 3 दिन में कब्जे हटाने का अल्टीमेंटम भी दिया। समय पूरा होने पर नगर निगम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। बता दे कि ये रोड शहर के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इसे बनाना निगम की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस रोड से रोजाना बड़ी संख्या में लोग गुजरते है। रोड की चौड़ाई कम होने के कारण यहां आवाजाही में दिक्कत होती है।

---

### सुरक्षा पर सवाल; बालगृह के बाथरूम की ग्रिल तोड़कर तीन बच्चे भागे

# जनवरी में फरार हुए दो बच्चों का भी अब तक सुराग नहीं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के नागझिरी क्षेत्र स्थित लालपुर बालगृह से तीन नाबालिग बच्चों के फरार होने का मामला सामने आया है। बच्चों ने बाथरूम की ग्रिल तोड़कर भागने की वारदात को अंजाम दिया, जिससे बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

बुधवार शाम करीब 7 बजे जब बालगृह में बच्चों की गिनती की गई, तो तीन बच्चे कम पाए गए। इसके बाद स्टाफ में हड़कंप मच गया। तुरंत पूरे इलाके में बच्चों की तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। जांच में सामने आया कि बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर फरार हुए हैं।

भागने वाले बच्चों में दो उज्जैन के और एक शाजापुर का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक शाजापुर का बच्चा एक हफ्ते पहले ही बालगृह में लाया गया था, जबकि उज्जैन के दोनों बच्चे करीब 6 महीने से यहां रह रहे थे। घटना की सूचना नागझिरी थाने को दी गई। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के अन्य संभावित स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक तीनों बच्चों का पता नहीं चल पाया।

यह पहली बार नहीं है जब इस बालगृह से बच्चे फरार हुए हैं। इससे पहले 20 जनवरी 2026 को भी दो नाबालिग बच्चे बाथरूम की




ग्रिल और वेंटिलेशन तोड़कर भाग गए थे। वे सुबह करीब 5 बजे फरार हुए थे और अब तक उनका भी पता नहीं लग पाया है।

इसके अलावा नवंबर 2023 में भी इसी बालगृह से तीन नाबालिग बच्चे कमरे की ग्रिल तोड़कर भाग गए थे। इनमें एक बच्चा मुंबई और दो राजस्थान के बताए गए थे। वे भी अब तक लापता हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

---

# देवास नाका पर तड़के 3 दुकानें जलकर खाक

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के देवास नाका इलाके में भीषण आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना की सूचना सुबह करीब 3.45 बजे मिली। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि एक टायर की दुकान और गैराज में आग तेजी से फैल चुकी थी, जिसने पास की अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया।



दमकल कर्मियों ने करीब 20 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि दुकानों के शटर तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा, क्योंकि घटना के समय दुकान मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे। फायर अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दुकानों के पास से बिजली की लाइन गुजर रही थी, जिससे आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में मोहम्मद अकबर, नरेंद्र और जितेंद्र गजराज की दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। तीनों दुकानें एक-दूसरे के पास स्थित थीं, जिससे आग तेजी से फैल गई।

## न्यूज -कॉलम

### होटल में कमरा लेने वाला निकला होमगार्ड जवान

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र की होटल पार्वती महाकाल में मंगलवार देर शाम हिन्दू नाम बताकर मुस्लिम युवक ने कमरा लिया। उसके साथ महिला भी थी। मामले की जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे। होटल मैनेजमेंट से पूछताछ करने पर उसने बताया कि युवक ने अपना नाम धनसिंह बताया है। संगठन कार्यकर्ताओं ने धनसिंह को बुलाया और आधार कार्ड मांगा तो जावेद होना सामने आया। गलत नाम बताकर कमरा लेने वाले की सूचना होटल स्टॉफ की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। होटल की ओर से रामचंद पिता गणपत चौहान निवासी आदर्श राजीव नगर ने छलपूर्वक गलत नाम बताकर होटल कमरा लेने की शिकायत दर्ज कराई। प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि मामले में आरोपित युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 319 (2) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि जावेद होमगार्ड जवान है। वहीं उसके साथ आई महिला हिन्दू संप्रदाय की थी।

### क्षिप्रा केबिन के आगे साबरमती ट्रेन से गिरा युवक

**उज्जैन।** क्षिप्रा केबिन के आगे ब्रिज के नीचे बुधवार शाम 5 बजे रेलवे ट्रेक पर घायल हालत में पडे युवक की खबर मिलने पर केबिन मास्टर धीरज पंवार ने जीआरपी को सूचना दी। घटनास्थल पर सामने आया कि घायल साबरमती ट्रेन से गिरा है। जीआरपी के आने पर घटनास्थल चिंतामण थाना क्षेत्र का होना पाया गया। मामले की सूचना चिंतामण थाना पुलिस को दी गई और घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। जिसका नाम महेश पिता शिवनारायण 32 साल निवासी मडावद राजगढ़ सामने आया। वह शराब के नशे में था। सिर में गंभीर चोंट होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। चिंतामण थाना पुलिस हालत में सुधार आने पर बयान दर्ज करेगी।

### शराब पीने से मना किया तो वृद्ध ने पीया कीटनाशक

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बाढ़ कुम्मेद में रहने वाले मानसिंह पिता रामाजी 52 साल को बुधवार शाम चरक अस्पताल लाया गया। वृद्ध ने जहरीला कीटनाशक पिया था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। बताया जा रहा है कि मानसिंह शराब पीने का आदी है। परिवार ने उसे शराब पीने से मना किया, इसी बात से नाराज होकर उसने घर में रखा कीटनाशक गटक लिया। अस्पताल स्टॉफ के अनुसार मामले की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दी गई है। वैसे वृद्ध की हालत खतरे से बाहर है बावजूद डॉक्टरों की निगरानी में रखा गय है।

### बच्चों के विवाद में आधी रात को परिवार से मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम लसुडिया में रहने वाली तेजूबाई पति कनीराम और लखन के बच्चों में मंगलवार शाम विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन रात 1 बजे लखन अपने साथियों सोनू, सत्तू, कान्हा , लक्की और अन्य के साथ तेजूबाई के खेत स्थित मकान पर पहुंचा और  लाठियों से हमला कर दिया। घटनाक्रम में तेजूबाई, उसका पुत्र नागेश्वर घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिये महिदुपर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उज्जैन शासकीय चरक अस्पताल रैफर किया गया है। मामले में पुलिस घायल मां-बेटे के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

### युवक के पास मिला चाकू

**उज्जैन।** सर्कल भ्रमण के दौरान माकडोन थाना पुलिस को खबर मिली कि रूपाखेडी मार्ग पर केसवाल फंटा के पास एक युवक खडा है कि जिसके पास चाकू है। वह किसी वारदात करने की फिराक में है। भ्रमण टीम में शामिल पुलिसकर्मी तत्काल रूपाखे?ी मार्ग पर पहुंचे। एक युवक ने पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास किया, जिस पर संदेह होते ही उसे पक?ा गया और तलाशी ली गई तो उसकी कमर में पेंट के अंदर छुपाकर रखा गया चाकू बरामद हो गया। पूछताछ करने पर युवक का नाम लाखन पिता श्यामसिंह 32 साल निवासी ग्राम नांदेड सामने आया। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार चाकू बरामद होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। वहीं आरोपित का अपराधिक रिकार्ड भी पता किया जा रहा है।

### गिरवी रखे आभूषण मांगने पर विवाद, एक घायल

**उज्जैन।** पटनी बाजार स्थित रत्नेश ज्वेलर्स पर भैरवगढ़ के ग्राम सिलोदा रावल निवासी सत्यनारायण पिता बद्रीलाल जाट सोने के आभूषण गिरवी रखे थे। मंगलवार शाम वह आभूषण लेने ज्वेलर्स के पास पहुंचा तो लेनदेन को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। इस दौरान ज्वेलर्स ने मारपीट की, वहीं सत्यनारायण के साथियों ने दुकान में तोडफोड कर दी। मारपीट में सत्यनारायण को चोंट लगने पर खाराकुआ थाना पुलिस ने बताया कि ज्वेलर्स मनोज जैन और एक अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 568-9 | 168-5 |
| मेन बाजार | हालिडे | |
| कल्याण नाइट | 379-9 | 167-4 |
| मिलन डे | 139-3 | 278-7 |
| मिलन नाइट | 190-0 | 246-2 |
| मधुर डे | 340-7 | 459-8 |
| मधुर नाइट | 158-4 | 457-6 |
| शुभांक | 1 7 | 3 |

### केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में हुआ था 13 करोड़ का गबन...

# ईओडब्ल्यू की टीम ने खोली जीपीएफ घोटाले की फाईल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में 3 साल पहले उजागर हुआ 13 करोड़ से अधिक का जीपीएफ गबन देशभर की सुर्खियां बना था। अब उक्त गबन की फाईल ईओडब्ल्यू की टीम ने खोली है। जिसमें कुछ ओर नाम सामने आ सकते है। बुधवार को डीएसपी अमित कुमार वट्टी के मार्गदर्शन में 6 सदस्यों की टीम केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ पहुंची।

वर्ष 2023 मार्च माह में केन्द्रीय जेल भैरवग? और उससे जुड़ी उपजेलों में कर्मचारियों की जीपीएफ राशि में गबन का ब?ा खुलासा हुआ था। करीब 13 करो? से अधिक के गबन की पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई थी। जिसमें जेल अधीक्षक रही उषाराजे, कर्मचारी रिपूदमनसिंह, शैलेन्द्रसिंह सिकरवार सहित अन्य को आरोपी बनाया गया था। सौ से अधिक कर्मचारियों की जीवनभर की कमाई का गबन करने वालों



को जेल भी भेजा गया था। मामले में पुलिस न्यायालय में चालान भी प्रस्तुत कर चुकी है। लेकिन पुलिस की ओर से अब मामले की जांच ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ) को सौंप दी गई। एसपी समर वर्मा के निर्देशन में ईओडब्ल्यू की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बुधवार को डीएसपी अमित कुमार 6 सदस्य टीम के साथ केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ पहुंचे थे। उन्होने जेल अधीक्षक मनोज साहू से मामले की जानकारी ली और कुछ जेलकर्मियों से पूछताछ की। करीब 2 घंटे तक ईओडब्ल्यू टीम जेल में जीपीएफ गबन से जुडे मामलों की जानकारी प्राप्त करती रही। बताया जा रहा है कि टीम द्वारा पता लगाया गया कि कितने कर्मचारियों के साथ गबन हुआ था। कितने कर्मचारी अपराध में शामिल थे। अब तक कितने कर्मचारियों को उनके जीपीएफ खाते से निकाली गई राशि वापस मिली है। आरोपी बनाये गये कितने कर्मचारियों को जमानत मिल चुकी है। मामले से जुडी सभी जानकारी प्राप्त करने के बाद ईओडब्ल्यू की टीम अपनी जांच का दायरा बढायेगी, जिसमें कुछ ओर नाम सामने आ सकते है जो जेल विभाग से जुडे होने के साथ बाहरी भी हो सकते है।

#### जेल विभाग ने कराई थी विभागीय जांच

जेलकर्मियों के जीपीएफ गबन का मामला सामने आने पर जेल मुख्यालय की ओर से भी विभागीय जांच शुरू की गई थी। वहीं पुलिस ने भी गबन से जुडे दस्तावेजों को जप्त किया था। विभागीय जांच में भी कुछ दोषियों की जानकारी सामने आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी। पुलिस जांच में आरोपियों की संख्या 8 से 10 तक पहुंची थी। ईओडब्ल्यू की टीम विभागीय जांच की जानकारी भी प्राप्त करेगी। बताया जा रहा है कि गबन की जांच दोबारा से शुरू होने मामले से जुडे आरोपियों और सामने नहीं आ सके लोगों की धडकने तेज होने लगी है। मामला उजागर होने पर जेल अधीक्षक रही उषाराजे की बेटी भी मामले में शामिल पाई गई थी।

# नाबालिग रिश्तेदार ने चुराये थे लाखों के आभूषण

### हत्या का आरोपी भी था शामिल, आधा माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सुभाषनगर में 2 मई को चोरी की बडी वारदात होना सामने आया था। पुलिस ने चोरी में शामिल नाबालिग रिश्तेदार को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। नाबालिग के साथ हत्या का आरोपी रह चुका बदमाश भी शामिल था। जिससे पूछताछ जारी है।



नीलगंगा थाना एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि सुभाषनगर ओम रेसीडेंसी में रहने वाले इंजीनियर दंपति साक्षी पति देवेन्द्र राठौर के मकान में 2 मई को चोरी होना सामने आया था। साक्षी 18 अप्रैल को मंदसौर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। पति बैंगलूर में इंजीनियर है। बदमाशों ने मकान की छत के रास्ते दरवाजा तोडकर 1 लाख रूपये नगद और 8 से 10 लाख के आभूषण चोरी किये थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें आधार पर साक्षी राठौर के मामा का नाबालिग पुत्र चोरी में शामिल होना सामने आया। जो ओम रेसीडेंसी में ही निवास करता है। जिससे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी शशिकांत उर्फ गोलू पिता ताराचंद 30 साल हाथीपुरा के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया था। एएसआई राठौर के अनुसार नाबालिग रिश्तेदार की निशानदेही पर 5 लाख के आभूषण और 32 हजार रूपये नगद बरामद किये गये है। जिसे बुधवार को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया है। उसके साथी शाशिकांत को बुधवार शाम हिरासत में लिया गया है। जिसे पूछताछ की चोरी के बाद आपस में बांटे गये आभूषण और नगदी बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरूवार दोपहर दूसरे आरोपी को न्यायालय में पेश किया जायेगा। शाशिकांत वर्ष 2013 में हत्या का आरोपी रह चुका है। उसके खिलाफ 4 से 5 संगीन अपराध दर्ज है। दूसरे आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि नाबालिग को अपने रिश्तेदार के मकान में लाखों के आभूषण होने की जानकारी थी। 18 अप्रैल से बंद मकान में 27 अप्रैल की रात चोरी को अंजाम दिया गया था। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि एएसआई राठौर के साथ चंद दिनों में चोरी का खुलासा करने में आरक्षक कमल पटेल, दामोदर पटेल और बालकृष्ण का सहयोग रहा।

#### सार्थक नगर चोरी के बदमाश गिरफ्त से दूर

2 मई को ही सार्थक नगर में जैन दंपति विनय और आंचल जैन के मकान में भी चोरी की बडी वारदात होना सामने आया था। जैन दंपति परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने राजस्थान गये हुये थे। उक्त मामले की जांच करते हुए नीलगंगा थाना पुलिस ने पाया था कि चोरी को बाइक से आये 2 बदमाशों ने अंजाम दिया है। जिनके फुटेज सामने आये थे। एक बदमाश ने हेलमेट लगा रखा था, दूसरे ने नकाब से चेहरा छुपाया था। दोनों का बुधवार रात तक सुराग नहीं मिल पाया था। चोरी का एक मामला थाना क्षेत्र की तिरूपति डायमंड कालोनी में 26 अप्रैल का है। उक्त मामले में नीलगंगा पुलिस को स्कूटी सवार 2 बदमाशों के फुटेज मिले है। दोनों बदमाशों ने इंजीनियर-शिक्षिका दंपति के मकान से करीब 40 लाख का माल चुराया था। दोनों बदमाश भी पुलिस गिरफ्त से दूर है।

## क्षिप्रा नदी से मिली 65 साल के वृद्ध की लाश

**उज्जैन।** रामघाट स्थित क्षिप्रा नदी से बुधवार शाम 65 साल के वृद्ध की लाश होमगार्ड/एसडीआरएफ जवानों ने सर्चिंग के बाद बाहर निकाली। वृद्ध नहाने के दौरान डूबे थे। जिनके कपडे घाट पर पडे मिले थे। महाकाल थाना एएसआई के. के. मालवीय ने बताया कि शाम 4 बजे के लगभग शाक्तावत की गली केडी गेट का रहने वाला परिवार रामघाट क्षिप्रा नदी पहुंचा था। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई थी। इस दौरान सामने परिवार ने बताया कि मोहम्मद हनीफ पिता मोहम्मद हसन 65 साल घर से सुबह निकले थे। वह अंडा गली दुकान पर काम करते थे। शाम को घर नहीं लौटे तो उनके मोबाइल पर कॉल किया गया। जो रामघाट पर रिसिव हुआ। कॉल रिसिव करने वाले ने बताया कि उक्त मोबाइल और कपडे घाट पर पडे है। परिवार ने मोहम्मद हनीफ के डूबने की शंका जताई। उनकी तलाश के लिये होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों के साथ तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू की। कुछ घंटे बाद मोहम्मद हनीफ का शव क्षिप्रा नदी से निकाल लिया गया। एएसआई मालवीय के अनुसार वृद्ध की मौत नहाने के दौरान डूबने से हुई है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## तराना में खेत की मेड पर जुआरी लगा रहे थे दांव



**उज्जैन।** निर्माणाधीन पानी की टंकी के पीछे खेत की मेड पर जुआ खेला जा रहा था। खबर मिलने पर पुलिस ने दबिश मारी। 7 जुआरियों को हिरासत में लेकर 37 हजार से अधिक की राशि और 6 मोबाइल जप्त किये गये। तराना थाना प्रभारी रामनायणसिंह भदौरिया को खबर मिली कि ग्राम सिद्धीपुर निपानिया फंटे के पास बन रही पानी के टंकी के पीछे खेत की मेड पर पेड के नीचे बडे पैमाने पर जुआ खेला जा रहा है। थाना प्रभारी ने एसआई हरिराम अंगोरिया, रविन्द्र कटारे, एएसआई छोटेलाल चौहान, प्रधान आरक्षक मुकेश झाला, आरक्षक अमरदीप, अर्चित, कुलदीप, आनंद, शंकरसिंह, कृष्णवल्लभ शर्मा की टीम बनाकर रवाना की। जहां दबिश देने पर 7 जुआरी आफताब उर्फ गोलू पिता मोहम्मद युनुस 30 साल निवासी जूना सोमवारिया उज्जैन, अरशद पिता हनीफ 57 साल निवासी महुपुरा शाजापुर, शाबिर पिता गफूर फकीर 36 साल निवासी ग्राम बैरागढ थाना सिविल लाईन देवास, इकबाल पिता सरदार36  साल, सलमान पिता अकबर 34 साल निवासी ग्राम बिछडोद थाना घट्टिया, अमरदीप पिता गुरुमीतसिंह 39 साल और निजाम पिता गफुर 47 साल निवासी  देवास  हिरासत में आ गये। जिनके पास से 6 एंड्रोइड मोबाइल और 36 हजार 750 रूपये नगद के साथ ताशपत्ती बरामद किये गये। सभी के खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

## खुद पर पेट्रोल डालकर युवक ने किया आत्मदाह

### परिवार के 4 सदस्य झुलसे, 3 साल की मासूम गंभीर

**उज्जैन।** पारिवारिक विवाद में ससुराल में रहने वाले युवक ने बुधवार शाम पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लिया। उसे बचाने में परिवार के चार सदस्य झुलस गये। जिसमें 3 वर्षीय मासूम की हालत गंभीर है। झुलसे सदस्यों को उज्जैन लाया गया है।

नागदा के पाल्यारोड पर रहने वाला अनिल पिता कालूराम दम्मानी 19 साल का सालभर पहले बिरलाग्राम की इंद्रपुरी में रहने वाली तुन 16 साल से विवाह हुआ था। शादी के बाद ही अनिल अपने ससुराल में रहने आ गया था। बुधवार देर शाम अनिल बायपास मार्ग के पेट्रोल पंप पहुंचा और डीजल की बाल्टी लेकर घर लौट आया। जहां उसने खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। उसे लपटों से घिर देख पत्नी तुन, मौसी के लड़के पवन की पत्नी सोनाबाई और सास कालीबाई पति कैलाश जैन ने बचाने का प्रयास किया। इस दौरान सोनाबाई की 3 वर्षीय पुत्री दिशा भी आग की चपेट में आ गई। भयावह घटना देख आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास शुरू किये। अनिल सौ प्रतिशत झुलस चुका था, जिसकी मौके पर मौत हो गई।

मासूम दिशा 80 प्रतिशत से अधिक कालीबाई 20 प्रतिशत और सोनाबाई मामूली रूप से झुलसी है। जिन्हे उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया है। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मासूम की हालत चिंताजनक थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने वाला अनिल अपने साले की पत्नी से बातचीत करता रहा था, जिसको लेकर उसका पत्नी तनु से विवाद होता था। शाम को भी इसी बात पर विवाद हुआ था, जिसके बाद अनिल ने आत्मघाती कदम उठाया, जिसमें परिवार भी झुलसा है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। परिवार के बयान दर्ज किये जायेगें।

## बाइक सवार राजस्थान के युवक की दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर बुधवार रात दुर्घटना में बाइक सवार राजस्थान के युवक की मौत हो गई। उसके पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान की गई। मृतक युवक का शव रात में चरक अस्पताल लाया गया।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि रात में बाइक सवार युवक को ग्राम धरेरी और इंगोरिया के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची, उससे पहले युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक के पास मिले दस्तावेज और बाइक नम्बर के आधार पर उसकी पहचान लक्ष्मण पिता हीराराम जाट 42 साल निवासी रोडवा बाडमेर राजस्थान के रूप में हुई। दुर्घटना की सूचना परिजनों को दी गई है। शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया है। इंगोरिया पुलिस के अनुसार दुर्घटना का एक मामला छोटी खरसौद में हुआ। बाइक सवार को डंपर ने कुचल दिया था। बाइक सवार गंभीर घायल हुआ है। जिसे एम्बुलेंस उपचार के लिये उज्जैन लेकर रवाना हुई। बताया जा रहा है कि घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसका नाम पता सामने नहीं आया है, लेकिन बताया जा रहा है कि सरपंच क रिश्तेदार है। जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामीगण 1- श्रीमती किरणबाला गुप्ता पति श्री जवाहरलाल 2 श्रीमती संगीता गुप्ता पति श्री नगीनदास निवासीगण - 5, गुदरी बाजार चौबीस खम्बा मार्ग, उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की तल मंजिल की दुकान जो मकान नंबर पुराना 1/338 तथा वर्तमान नगरपालिक निगम क्रमांक 249 का तल मंजिल का भाग पर बनी होकर स्थित महाकाल मार्ग उज्जैन में है, जिसका क्षेत्रफल 20.65 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तु:सीमा- पूर्व दिशा में -रास्ता मदारगेट वक्फ काम्पलेक्स। पश्चिम दिशा में पैसेज, जीना, उसके नीचे कामन लेट्रिन व बाद मकान दीगर। दीवार पूर्ण विक्रय में शामिल है। उत्तर दिशा में -शेष भाग विक्रेता दीवार आधी विक्रय में शामिल है। दक्षिण दिशा में सड़क महाकाल मार्ग। उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 06-05-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जयपाल सिंह पिता श्री शेरसिंह निवासी ग्राम झुमकी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर-122 / 4 रकबा 1 . 000 हेक्टयर तथा भूमि स्वामी विजयपाल सिंह पिता श्री शेर सिंह निवासी ग्राम झुमकी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर - 122 / 5 रकबा 1 . 000 हेक्टयर इस प्रकार कुल किता 2 कुल रकबा 2 . 000 हेक्टयर स्थित ग्राम झुमकी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर - 132 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदाकर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक -06 . 05 . 2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मो. 99930 79516-94250 94349**

### जाहिर-सुचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम नागझिरी तहसील उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 190 / 1 /1 / 1 रकबा 0 . 10 हे., सर्वे नंबर 190 / 1 / 1 / 2 रकबा 0 . 10 हे., सर्वे नंबर 190 / 2 रकबा 0 . 53 हे. कुल किता 0 3 कुल रकबा 0 . 73 हैं. स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम नागझिरी तहसील उन्हैल में स्थित है उक्त सर्वे नंबर 190/1/1/1 रकबा 0 . 10 हे., सर्वे नंबर 190 / 1 / 1 /2 रकबा 0 . 10 हे., सर्वे नंबर 190 / 2 रकबा 0 . 53 हे. कुल किता 03 कुल रकबा 0 . 73 ह. सायतबाई विधवा सुखराम व मुकेश पिता सुखराम जातिगण कालबेलिया निवासीगण ग्राम नागझिरी तहसील उन्हैल जिला उज्जैन म.प्र. से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पुर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदा कर दीया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विकय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 06.05.2026

**अजय मौर्य एडव्होकेट**
**उन्हैल तहसील उन्हैल जिला उज्जैन मो. 9893257210**

# ओंकार का महत्व



एक साधक ने प्रश्न किया- ह्यबाबा, सत्य का सबसे बड़ा माध्यम क्या है? सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति, तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति- यह वैदिक उद्घोष भारतीय दर्शन की उस गहराई को स्पर्श करता है, जहां शब्द अपनी सीमा स्वीकार करते हैं और अनुभव ही सत्य का एकमात्र माध्यम बन जाता है। वेद, उपनिषद और समस्त आध्यात्मिक परंपराएं जिस परम तत्व की ओर संकेत करती हैं, उसे पाने के लिए तपस्वी तप करते हैं, ब्रह्मचारी ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं और साधक जीवन भर साधना में निमग्न रहते हैं। उसी परम सत्य को संक्षेप में ॐ या ओंकार के रूप में अभिव्यक्त किया गया है।

ओंकार सृष्टि का मूल स्पंदन है। यह वह आद्य कंपन है, जिससे सृजन, पालन और संहार की प्रक्रियाएं प्रारंभ होती हैं। अ+उ+ म, इन तीन ध्वनियों का सम्मिलित रूप ओंकार है, जो ब्रह्म के त्रिविध आयामों का प्रतीक है। अ सृष्टि का आरंभ, उ उसका विस्तार और म उसका लय दर्शाता है। इस तरह ओंकार में संपूर्ण ब्रह्मांड की गति और प्रक्रिया समाहित है। यह सगुण ब्रह्म की अभिव्यक्ति है, जबकि निर्गुण ब्रह्म उस परम अवस्था का प्रतिनिधित्व करता है, जो सभी गुणों, रूपों और शब्दों से परे है। यही कारण है कि ओंकार को निर्गुण और सगुण के बीच एक अद्भुत सेतु माना गया है। वास्तव में ब्रह्म का अनुभव बौद्धिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक है। इसे तर्क या भाषा से पूरी तरह व्यक्त नहीं किया जा सकता। हम केवल प्रतीकों और संकेतों के माध्यम से उसके निकट पहुंचने का प्रयास करते हैं। ओंकार ऐसा ही एक दिव्य प्रतीक है, जो उस अनंत सत्ता की झलक प्रदान करता है। यह केवल उच्चारण का विषय नहीं, बल्कि श्रवण का विषय है। उस सूक्ष्म नाद को सुनना, जो हमारे भीतर और ब्रह्मांड के विस्तार में निरंतर गूंजता रहता है। जब साधक बाहरी कोलाहल से हटकर अपने अंतर्मन में उतरता है, तब इस अनाहत नाद को अनुभव करता है। यही उसे मूल स्रोत से जोड़ देता है। आध्यात्मिक साधना का सार इसी अनुभव में निहित है। साधक जब इस ध्वनि के प्रति संवेदनशील होता है, तब उसका मन स्थिर होने लगता है और चेतना विस्तार होने लगता है। यह प्रक्रिया आत्मा को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराती है। इस गूढ़ सत्य को सरल भाषा में समझाने के लिए रामायण का एक प्रसंग है। जब भगवान राम के चरणों के स्पर्श से नाव सोने की बन गई, तो नाविक की पत्नी हर वस्तु को सोना बनाने लगी। तब नाविक ने उसे समझाया कि वस्तुओं की अपेक्षा उन चरणों की शरण में जाना अधिक बुद्धिमानी है। यह कथा सिखाती है कि बाहरी उपलब्धियों के पीछे भागने के बजाय मूल स्रोत से जुड़ना ही सच्चा ज्ञान है।



## सम्पादकीय

# अब सिंहासन की बारी

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तस्वीर साफ होने के साथ ही वहां मुख्यमंत्री के चयन की कवायद तेज हो गई है। तमिलनाडु में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के विधायक दल ने मंगलवार को पार्टी के मुखिया जोसेफ सी विजय को अपना नेता चुन लिया, तो यह स्वाभाविक ही था। वहां किसी ऊहापोह की कोई गुंजाइश भी नहीं थी। हालांकि, टीवीके पार्टी स्पष्ट बहुमत से दस सीट पीछे रह गई है, मगर उसे सरकार बनाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि विपक्षी पार्टियों का अंकगणित बहुत कमजोर है और छोटे दलों के पास पर्याप्त संख्या में विधायक हैं, जो विजय के साथ खड़े हो सकते हैं। विजय के लिए असली चुनौती मुख्यमंत्री बनने के बाद शुरू होने वाली है, क्योंकि वह पहली बार विधायक बने हैं और उनके पास संसदीय राजनीति का बहुत अनुभव नहीं है। दूसरी तरफ, राज्य के लोगों की उनसे अपेक्षाएं ज्यादा हैं। रुपहले परदे पर तंत्र की खामियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले विजय के नायकत्व की असली परीक्षा उनमें जननायक तलाशते लोग अब लेंगे। अपने चुनावी वायदे को वह कितनी ईमानदारी से लागू कर पाते हैं, इस पर तमिलनाडु ही नहीं पूरे देश की नजर होगी। यहां अरविंद केजरीवाल की नजीर उनके सामने है, जो दिल्ली में अपने ही बनाए मानदंड पर कैसे कसे गए और खारिज किए गए।

इसी तरह, पश्चिम बंगाल और असम में शानदार विजय हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने दोनों प्रदेशों में विधायक दल के नेता के चयन के लिए जिस तत्परता से केंद्रीय पर्यवेक्षकों की घोषणा की है, वह भी सराहनीय है। पिछले कई चुनावों से यह एक परिपाटी सी बनती जा रही थी कि भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में मुख्यमंत्री के चुनाव में काफी समय लग जाता था और संबंधित राज्य को लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए काफी इंतजार करना पड़ता था। ऐसे में, बंगाल में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर गृह मंत्री अमित शाह व असम में स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा की नियुक्ति आश्वस्तकारी है कि वहां विधायक दल के नेता के चुनाव में अड़चनें नहीं आएंगी और जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी में राज्य सरकारें नियमित कामकाज में जुट सकेंगी। इन दोनों प्रदेशों में गहरे सामाजिक ध्रुवीकरण और चुनाव बाद ही हिंसा के इतिहास को देखते हुए जल्द से जल्द लोकप्रिय सरकार का गठन उचित है। खासकर पश्चिम बंगाल में आगजनी और हिंसा की कई घटनाओं को देखते हुए इस बात की अनिवार्यता और स्पष्ट हो जाती है। तमाम पार्टियों को इस समय परिपक्वता का प्रदर्शन करते हुए उद्दंड समर्थकों को नियंत्रित करना चाहिए।

## तृणमूल मुखिया ममता बनर्जी को बड़ा झटका

# हिंदुस्तानियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भाजपा को दिलाई जीत



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

पश्चिम बंगाल,असम, तमिलनाडु,केरल और पुडुचेरी के परिणाम आ गए हैं। बंगाल में भाजपा ने तृणमूल मुखिया ममता बनर्जी को बड़ा झटका देकर बंगाल को स्पष्ट बहुमत के साथ झटक लिया है। बंगाल का यह नतीजा उन पाखंडी बौद्धिकों को भी बड़ा सबक है,जो पूर्वाग्रही बने रहने के कारण निष्पक्ष नहीं रह पाते हैं। हालांकि सात में से पांच एग्जिट पोल ने जता दिया था कि असम और बंगाल में भाजपा इतिहास रचने जा रही है,सो रच भी दिया।लेकिन तमिलनाडु में परिणाम सटीक नहीं बैठे। एम के स्टालिन की द्रमुक को पोल साफ बहुमत दे रहे थे,जो सटीक नहीं बैठे। यहां हाल ही में अस्तित्व में आई अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके यानी तमिलगा वेट्री कजगम 100 सीटों की जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनके उभरी है। दूसरे नंबर पर एआईडीएमके-भाजपा गठबंधन है। अब यहां यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार किस गठबंधन के साथ बनती है। कांग्रेस चार सीटें जीत रही है, अतएव सरकार में उसकी कोई भूमिका नहीं रहेगी। केरल में कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन सरकार बना लेगा। पुडुचेरी में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। असम में भाजपा हिमंत बिस्वा शर्मा एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे,इसमें कोई संशय नहीं है।

पांचों प्रांतों में मतदाताओं ने जबरदस्त मतदान करके इतिहास रचकर साफ संदेश दिया था, कि बदलाव की जबरदस्त लहर देखने में आएगी। हिंदुस्तानियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता करते हुए असम में भाजपा की वापसी कर दी,वहीं घुसपैठियों के लिए लाल कालीन बिछाने वाली ममता को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। तमिलनाडु में यही सबक स्टालिन को मतदाताओं ने दिया है। स्टालिन को सनातनी हिंदुत्व को मलेरिया और डेंगू कहने में कभी कोई परहेज नहीं रहा। राजभाषा हिंदी के विरोध में भी वे हमेशा खड़े दिखाई देते रहे हैं। इस चुनाव के परिणामों ने संदेश दे दिया है कि अब हिंदी,हिंदुत्व और हिंदुओं का विरोध करने वाले दल और राजनेता,भारतीय राजनीति में चल नहीं पाएंगे। कांग्रेस और राहुल गांधी के ऐसे ही आचरण के कांग्रेस लगातार रसातल में जा रही है। ये नतीजे उन नेताओं के लिए भी सबक हैं,जो आतंकवाद और आतंकियों की पैरवी में ऐसे खड़े हो जाते हैं, जैसे कोई राष्ट्रभक्त की वकालात कर रहे हों।

बंगाल में तृणमूल की पराजय के बाद जैसे वामदल अपना वजूद खोते चले गए,वही हश्र ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल का देखने में आ सकता है ? दरअसल असम एवं बंगाल में सबसे बड़ा कोई मुद्दा रहा है तो वह घुसपैठ और इन राज्यों में बढ़ता इस्लामीकरण है। अनेक सीमांत जिलों में घुसपैठ ने दोनों राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व को बिगाड़ दिया है। कई जिलों में मुस्लिमों की आबादी 90 से 95 फीसदी तक पहुंच गई है। इन बदतर हुए हालातों के प्रति नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मतदाताओं को जागरूक किया। हिंदू संदेशखाली और आरजीकर में हुए महिला दुष्कर्मों के चलते ध्रुवीकृत हुए। भाजपा ने इन मुद्दों को भुनाने की दृश्टि से आरजीकर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुई डॉक्टर की मां रत्ना देबनाथ को पानीहाटी और संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रहीं रेखा पात्र को हिंगलगंज से उम्मीदवार बनाया था। ये दोनों महिलाएं चुनाव में जीत के लिए बढ़त बनाए हुए हैं। इन महिलाओं की उम्मीदवारी से बंगाल की महिलाओं में संवेदना जगी और बदलाव की लहर बनाने में उनकी प्रमुख भागीदारी रही।

इन सब बिंदुओं ने बंगाल में लोकतंत्र की गरिमा को महिमामंडित करने का काम कर दिया। इसी का परिणाम रहा कि भाजपा को बंगाल में करीब 200 सीटें मिलने जा रही हैं। 15 साल राज करने वाली ममता को सौ सीटें भी नहीं मिल रही हैं। बंगाल में ऐसा 49 साल बाद संभव हो पाया कि निष्पक्ष मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग पूरी तरह चौकन्ना रहा। जहां से भी गड़बड़ी की खबर मिली, तुरंत एक्शन लिया। इस कारण लंबे समय तक अराजक तत्वों द्वारा मतदान रोकना संभव नहीं हो पाया। किसी भी झड़प को बड़े संघर्ष का रूप लेने से पहले ही केंद्रीय बलों के जवान उसे नियंत्रित करने में सफल दिखे। पहली बार अमल में लाई गई त्वरित प्रतिक्रिया (रिस्पांस) दल ने भी अपने दायित्व का पूर्ण रूप से पालन किया। बावजूद फालता में 21 मई को पुनर्मतदान होगा। यहां ईवीएम से छेड़छाड़ की गईं। बूथ कब्जा लिए। एक ईवीएम पर तो भाजपा के चुनाव चिन्ह पर टेप चिपका मिला। यदि 2.40 लाख सैन्य बलों की तैनाती नहीं होती तो बंगाल में लोकतंत्र बुरी तरह प्रभावित होता। दरअसल बंगाल में इसके पहले हुए चुनावों में तृणमूल के कार्यकर्ता और अवैध घुसपैठिए अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए हिंदुओं को मतदान नहीं करने देते थे। इस बार सेना की कठोरता के चलते हिंदुओं ने ध्रुवीकृत होकर मतदान में भागीदारी की। इसलिए इस बार बंगाल में पिछली बार की तुलना में करीब 9 प्रतिषत अधिक वोट पड़े थे,जो भाजपा के लिए संजीवनी साबित हुए। । आयोग ने एसआईआर के जरिए भी घुसपैठ करके अवैध मतदाता बने करीब 92 लाख मतदाताओं को मत से वंचित कर दिया था । इनमें से बढ़ा प्रतिषत तृणमूल के समर्थकों का रहा है, क्योंकि ये लोग जानते थे कि भाजपा आई तो बंगाल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए मुस्तैद हो जाएगी।

बड़े मत प्रतिशत का सबसे अहम्, सुखद व सकारात्मक पहलू है कि यह अनिवार्य मतदान की जरूरत की पूर्ति कर देता है। हालांकि फिलहाल हमारे देश में अनिवार्य मतदान की संवैधानिक बाध्यता नहीं है। निकट भविष्य में इस उम्मीद की पूरी होने की संभावना भी नहीं है। मेरी सोच के मुताबिक ज्यादा मतदान की जो बड़ी खूबी है, वह है कि दल व उम्मीदवारों को अल्पसंख्यक व जतीय समूहों की वोट बैंक की लाचारगी से छुटकारा मिल जाता है। इससे कलांतर में राजनीतिक दलों को भी तुष्टिकरण की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। अतएव अगले चुनावों में हम देखेंगे कि क्षेत्र विषेश से जुड़े मतदाताओं की अहमियत लगभग खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाएगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाएगी। एसआईआर के जरिए देश से घुसपैठिए बाहर कर दिए जाते हैं तो इस अवैध घुसपैठ से लाभ उठाने वाले नेताओं की भूमिका को भी जनता नकार देगी। जैसे कि असम और बंगाल में देखने में आने लगा है।

## नीले टिक का तर्पण

बनारस की उस पुरानी पुश्तैनी हवेली के दालान में गंगा की लहरों का शोर कम, नोटिफिकेशन की घनघनाहट ज्यादा थी। पंडित दीनानाथ अपनी लकड़ी की आराम कुर्सी पर ऐसे पसरे थे, जैसे ऑफलाइन दुनिया के आखिरी पुरावशेष हों। हाथ में मोबाइल ऐसे चिपका था जैसे शरीर का कोई नया अंग प्रगट हो गया हो। पोता कल्लू पास आकर बोला, बाबा, बगल वाले टोले से बुआ का फोन आया था... कह रही थीं कि फुआ की तबीयत बहुतै खराब है। दवा-दारू के लिए कुछ कह रही थीं। दीनानाथ की उंगलियां स्क्रीन पर किसी सधे हुए तबला वादक की तरह थिरक रही थीं। अरे गुरु... देते हैं। जरा ठहरो, ये जीवन के पाँच अटल सत्य वाला वीडियो ग्रुप में पेल दें, दुनिया का उद्धार हो जाएगा। कल्लू ने माथा पीटा, बाबा, फुआ को अस्पताल ले जाना पड़ेगा, बुआ घबराई हुई हैं। दीनानाथ ने बिना चश्मा ऊपर किए जवाब दिया, अरे लल्ला, घबराने से क्या होगा? ये देख, प्राणायाम के चमत्कार वाली रील मिली है। अपनी फुआ को फॉरवर्ड कर दे, देखते ही ऑक्सीजन लेवल चकाचक हो जाएगा! कल्लू चला गया। पंडित जी अब उस परम फोटो की तलाश में थे जिसमें उगता सूरज थोड़ा वैराग्य ओढ़े लगे और नीचे लिखा हो– रिश्ते देह से नहीं, डेटा से अमर होते हैं। वे जुड़ाव की इस डिजिटल जुगाली में इतने विभोर थे कि दूर कहीं बजती एम्बुलेंस की आवाज उन्हें किसी बैकग्राउंड म्यूजिक जैसी लग रही थी।

सॉकेट पर चार्जर ऐसे लटके थे जैसे दशाश्वमेध घाट पर मन्नत के कलावा। बिजली की हर तरंग के साथ पुण्य का मीटर बढ़ रहा था। पंडित जी ने देखा, शुद्ध सनातनी सखा वाले ग्रुप में सन्नाटा है। उन्होंने फौरन एक फोटो डाली– ओस की ऐसी बूंद कि स्क्रीन भीग जाए। नीचे लिखा– अपनों का संचय करें, समय बालू की तरह फिसल रहा है। लिखते ही उन्हें जो ब्रह्मानंद मिला, लगा जैसे साक्षात मोक्ष का द्वार उनके लिए खुल गया है। तभी कल्लू फिर आया, चेहरा एकदम भभका हुआ।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 मई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:54 सूर्यास्त 18:53
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:00 से 15:00 तक
तिथि - पंचमी 10:17 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 06:46 उपरांत उत्राषाढा.
योग - साध्य 1:58 उपरांत शुभ
करण - तैतिल
चन्द्रमा - धनु में है 01:17 पर मकर में प्रवेश करेगा

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी।

**मिथुन-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**कर्क-** व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंह-** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**कन्या-** दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा।

**वृश्चिक-** प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ में वृद्धि होगी।

**धनु-** रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।


**मकर-** आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।काम में मन नहीं लगेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुंभ-** किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। व्यस्तता रहेगी।

**मीन-** विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। थकान व कमजोरी रहेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

## समसामयिक

# बया पक्षी एवं मैना पक्षी अपनी खूबी में पारंगत



मप्र में कही- कही मैना पक्षी दिखाई देता है।छत्तीसगढ़ में मैना को प्रमुख दर्जा दिया जाकर मैना को विशिष्ट सम्मान प्राप्त है तथा इसे छत्तीसगढ़ का राजकीय पक्षी घोषित किया गया हैइनकी संख्या में कमी को देखते हुए उसे विलुप्त होने से बचाने के प्रयास जारी है।मैना की खासियत होती है कि ये इंसानो की बोली की हूबहू नकल उतारती है।विलुप्त प्रजातियों के पक्षियों को बचाने के प्रयास किये जाना चाहिए क्योंकि धरती पर जितना अधिकार इंसानो का है. उतना ही पशु -पक्षियों और जीव जंतुओं का भी है ।बहुत से सेवाभावी लोग गौरैया एवं अन्य पक्षियों के लिए छांव ,पानी ,दाना की व्यवस्था कर पुण्य का लाभ लेते है। कई किसान अपने खेत के कुछ हिस्सों में ज्वार ,बाजरा भी लगाते है उनका उद्देश्य दाना प्रदान करना रहता है।पक्षियों की सेवा से मन को सुकून मिलता है।दाना प्रदान करने हेतु खेतों में पक्षियों के लिए कुछ भाग सुरक्षित रखा जाता है।किंतु फलों आदि की खेती से उनके आहार पर प्रभाव पड़ा है।घोसला बनाने में निपूर्ण पक्षी की बात करें तो हर पक्षी की अपनी खासियत होती है।जिससे वो इंसानों को पसंद आते है।कई पक्षी इंजीनियरके माफिक होते है।जिसमे प्रमुख नाम बया पक्षी का है।सुंदर सा नीड वो कुएं ,कटीली झाड़ियों मे बनाकर लटकाता है।तेज आंधी,पानी से वो टूटता नही।इतनी मजबूती से बुना, चारे के द्वारा जिसमे अंदर नीचे की ओर से जाया जाता।बुनाई का अदभुत रूप ये प्राकृतिक रूप से वो तैयार करते है।ये कला की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम ही होगी।सृष्टि का अनोखा इंजीनियर बया श्रेष्ठ पक्षी है।इसे विलुप्त होने से बचाए।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

# अप्रैल की चेतावनी मई में सुन...!

अप्रैल की धूप ने आग-सी बोली,
धरती की 'साँसें' लगती हैं डोली।
हवा में भी तपिश, लू का है शोर,
सूरज बरसाए 'अंगारों' का जोर।
शहरों की दीवारें भी 'तपने' लगीं,
सड़कों की छाया यूं जलने लगीं।
पेड़ों की 'छाँव' अब कम पड़ गई,
नदियों की धड़कन 'थम-सी' गई।
यह केवल मौसम का 'खेल' नहीं,
ये मानव के 'कर्मों' का मेल कहीं।
कांक्रीट के जंगल ज्यों बढ़ते गए,
हरियाली को निगल सिमटते गए।
ओ रे मानव, अब तो 'चेत' जा तू,
प्रकृति का संतुलन सँभाल ले तू।
पेड़ लगा, जल को जरा सहेज ले,
अब धरती को फिर से संवार ले।
अप्रैल की चेतावनी मई में सुन ले,
भविष्य की राहों को पुनः चुन ले।
वरना ये तपिश तो बढ़ती जाएगी,
जीवन की धारा 'सूखती' जाएगी।



संजय एम. तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

# भविष्य की राजनीति की दिशा तय करते मई के विधानसभा चुनाव परिणाम



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

मई 2026 में पश्चिमबंगाल, केरलम, तमिलनाडु और असम और पुडुचेरी में सत्ता के विधानसभा चुनाव परिणाम केवल सत्ता परिवर्तन तथा नवीनीकरण के सांख्यिकीय आँकड़े मात्र नहीं हैं; बल्कि ये भारतीय लोकतांत्रिक चेतना और मतदाताओं के परिपक्व विवेक के जीवंत परिचायक हैं। आज का मतदाता लोक-लुभावन नारों या तात्कालिक संवेगों का अनुगामी न होकर विकास, सुशासन और सुरक्षा जैसे ठोस धरातलीय प्रतिमानों पर अपना जनादेश दे रहा है।

इन पाँच राज्यों के चुनावों का सर्वाधिक सशक्त संदेश यह है कि विद्वेषपूर्ण राजनीति की स्वीकार्यता अब निरंतर क्षीण हो रही है। जनमानस अब उन दलों और नेतृत्व को प्राथमिकता दे रहा है जो सामाजिक समरसता, स्थिरता और रचनात्मक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। जाति, पंथ या क्षेत्रीय संकीर्णता पर आधारित तुष्टीकरण की प्रवृत्ति को सिरे से नकारना भारतीय लोकतंत्र की प्रौढ़ता का शुभ संकेत है।

चुनावों में 'एंटी-इनकंबेंसी' (सत्ता विरोधी लहर) के स्थान पर 'प्रो-परफॉर्मेंस'(कार्य-समर्थक भाव) का उदय हुआ है। मतदाताओं ने भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी कार्यशैली में अपना विश्वास व्यक्त किया है। यह स्पष्ट है कि राष्ट्रवादी सोच और 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को धरातल पर उतारने वाली सरकारों को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है।


भ्रष्टाचार, अपराधीकरण और शिथिल कानून-व्यवस्था आज भी चुनावी परिणामों के निर्णायक ध्रुव हैं। जिन क्षेत्रों में जनसाधारण, विशेषकर महिलाएँ, असुरक्षित अनुभव करती हैं, वहाँ शासन की विश्वसनीयता का क्षरण और सत्ता का पतन सुनिश्चित है। वर्तमान मतदाता एक ऐसा तंत्र चाहता है जो अपराधियों के विरुद्ध 'शून्य सहिष्णुता' (जीरो टॉलरेंस) की नीति अपनाए और न्याय प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं त्वरित बनाए। इन परिणामों ने 'रेवड़ी संस्कृति' या मुफ्त योजनाओं की राजनीति की सीमाओं को भी रेखांकित किया है। मतदाता अब अल्पकालिक प्रलोभन और दीर्घकालिक सशक्तिकरण के सूक्ष्म अंतर को समझने लगा है। चूँकि लगभग सभी दल आर्थिक रियायतों की घोषणा कर रहे हैं, अतः जनता की प्राथमिकता अब केवल 'खैरात' नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढाँचे में स्थायी गुणात्मक सुधार है। जनता में अब यह बोध प्रखर हुआ है कि केंद्र और राज्यों के मध्य अनावश्यक टकराव विकास की गति को अवरुद्ध कर युवाओं के अवसरों को सीमित करता है। फलस्वरूप, जनमत अब 'सहयोगात्मक संघवाद' की ओर झुक रहा है। उन सरकारों के प्रति समर्थन बढ़ रहा है जो केंद्र के साथ सामंजस्य बिठाकर निवेश और बड़ी परियोजनाओं को यथार्थ के धरातल पर उतारने में सक्षम हैं।

आज का युवा और महिला मतदाता राजनीति के सर्वाधिक प्रभावशाली वर्ग के रूप में उभरे हैं। उनकी दृष्टि स्टार्टअप संस्कृति, कौशल विकास और औद्योगिक प्रगति पर टिकी है। स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली नीतियां ही अब चुनावी विजय की कुंजी हैं। साथ ही, महिला सुरक्षा अब केवल विमर्श का विषय नहीं, बल्कि प्राथमिक राजनीतिक एजेंडा बन चुका है।

कतिपय राज्यों में कठोर प्रशासनिक कार्रवाइयों, जिसे प्रतीकात्मक रूप से बुलडोजर संस्कृति कहा गया है को मिले समर्थन का अर्थ निरंकुशता का पोषण नहीं, अपितु विधि के प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन के प्रति जनता की अभिलाषा है। जनता चाहती है कि न्याय न केवल हो, बल्कि होता हुआ दिखाई भी दे।

## धर्म-आस्था

# श्री यंत्र को यंत्रों का राजा क्यों कहा जाता है



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

आर्थिक रूप से समृद्ध एवं संपन्नता के लिए भारतीय जनमानस धन की देवी ऐश्वर्य की देवी माता महालक्ष्मी का आवाहन करते हैं! साथ ही पूजन आदि किया जाता है! श्री महालक्ष्मी पूजन के साथ -साथ श्री यंत्र का भी पूजन एवं अभिषेक किया जाता है।जिससे श्री लक्ष्मी का वास सदैव उनके घर में हो । आइए आज हम श्री यंत्र के बारे में जानकारी साझा करते हैं। श्री यंत्र वैदिक ज्यामिति का सबसे जटिल और शक्तिशाली आलेखन माना जाता है। इसे 'यंत्रराज' (यंत्रों का राजा) कहा जाता है। इसकी रचना और इसके पीछे के रहस्यों को समझना एकाग्रता और ब्रह्मांडीय विज्ञान के मिलन को देखने जैसा है।

1. श्रीयंत्र की जटिल संरचना

श्रीयंत्र का निर्माण 9 अंतर्ग्रथित त्रिभुजों से होता है, जो एक केंद्रीय बिंदु (बिंदु) के चारों ओर व्यवस्थित होते हैं। शिव और शक्ति का मिलनः- इसमें 4 त्रिभुज ऊपर की ओर मुख किए होते हैं (शिव/पुरुष तत्व का प्रतीक) और 5 त्रिभुज नीचे की ओर मुख किए होते हैं (शक्ति/स्त्री तत्व का प्रतीक)।

43 छोटे त्रिभुजः- इन 9 मुख्य त्रिभुजों के कटान से कुल 43 छोटे त्रिभुज बनते हैं, जो ब्रह्मांड की विभिन्न शक्तियों और ऊजाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कमल की पंखुड़ियाँः-- इन त्रिभुजों के बाहर 8 और फिर 16 पंखुड़ियों वाले दो कमल के वृत्त होते हैं, जो मन और इंद्रियों के विस्तार को दर्शाते हैं।

भूपुर (बाहरी वर्ग):-- सबसे बाहर एक वगार्कार रेखा होती है जिसमें चार द्वार होते हैं, जिसे 'भूपुर' कहते हैं। यह भौतिक जगत और आध्यात्मिक जगत के बीच की दहलीज है।

2. एकाग्रता का 'पिरामिड' सिद्धांत

श्रीयंत्र केवल द्वि-आयामी (2ऊ) चित्र नहीं है; जब इसे त्रि-आयामी (3ऊ) रूप में बनाया जाता है, तो इसे 'मेरु प्रस्तर'कहा जाता है, जो एक पर्वत (मेरु पर्वत) जैसा दिखता है। बाहर से भीतर की यात्राः- साधक अपनी दृष्टि को बाहरी भूपुर (वर्ग) से शुरू करता है। जैसे-जैसे वह परतों के भीतर जाता है, आकृतियाँ जटिल होती जाती हैं। यह अभ्यास मन की परतों को भेदकर आत्मा तक पहुँचने जैसा है।

बिंदु पर स्थिरताः-अंत में, सारी रेखाएँ एक अदृश्य केंद्र 'बिंदु' पर समाप्त होती हैं। इस बिंदु पर ध्यान टिकाना ही एकाग्रता की पराकाष्ठा है, जहाँ द्वैत (मैं और दुनिया) समाप्त हो जाता है।

3. गणितीय और वैज्ञानिक रहस्य

श्रीयंत्र की ज्यामिति इतनी सटीक है कि इसे कंप्यूटर प्रोग्राम के बिना पूरी तरह शुद्ध बनाना आज भी चुनौतीपूर्ण माना जाता है। स्वर्ण अनुपात आधुनिक वैज्ञानिकों ने पाया है कि श्रीयंत्र के त्रिभुजों का अनुपात 'फाई' (लगभग1.618) के बहुत करीब है, जो प्रकृति में (जैसे गैलेक्सी या फूलों की बनावट में) पाया जाता है। न्यूरोलॉजी के कुछ शोधों के अनुसार, श्रीयंत्र की ज्यामिति पर ध्यान केंद्रित करने से मस्तिष्क की अल्फा तरंगें सक्रिय होती हैं, जो गहरी शांति और उच्च एकाग्रता की स्थिति पैदा करती हैं।

4. इसका आध्यात्मिक उद्देश्य

श्रीयंत्र की रचना का मुख्य सिद्धांत 'अद्वैत' है–यानी यह महसूस करना कि जो इस यंत्र के केंद्र में है, वही मेरे भीतर है और वही इस पूरे ब्रह्मांड के केंद्र में है।

वैदिक अनुष्ठानों में इसे बनाने का उद्देश्य साधक को यह याद दिलाना है किः

1. संसार जटिल है (त्रिभुजों की तरह)। 2. लेकिन इस जटिलता का एक केंद्र है (शांति/ईश्वर)। 3. एकाग्रता के माध्यम से हम इस जटिलता को पार कर केंद्र तक पहुँच सकते हैं।

श्रीयंत्र की संरचना हमारे स्थूल और सूक्ष्म शरीर का एक प्रतिबिंब मानी जाती है। तंत्र शास्त्र के अनुसार, जो ब्रह्मांड में है (ब्रह्मांड), वही हमारे भीतर (पिंडांड) है।

1. मेरुदंड :श्रीयंत्र की मध्य रेखा हमारे मेरुदंड का प्रतिनिधित्व करती है। साधना के दौरान ऊर्जा मूलाधार (बाहरी घेरे) से उठकर बिंदु (मस्तिष्क के केंद्र) तक पहुँचती है। 2. नौ द्वारः हमारे शरीर के नौ द्वार (दो आँखें, दो कान, दो नासिका छिद्र, मुख और दो विसर्जन द्वार) श्रीयंत्र के नौ आवरणों के साथ जुड़े हुए माने जाते हैं। 3. नाड़ियाँः श्रीयंत्र के 43 छोटे त्रिभुज हमारे शरीर की मुख्य नाड़ियों के जाल को दर्शाते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,52,200 रवा- 1,52,000 चांदी- टंच- 2,46,500 पाट- 2,46,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## ग्राम कढ़ाई में 30 साल पुराना अतिक्रमण मुक्त 21 बीघा जमीन शासन के अधीन

**महिदपुर।** प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि को भू-माफियाओं और अवैध कब्जेधारियों से मुक्त कराने के अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम पंचायत कढ़ाई में तहसीलदार संतुष्टि पाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने दशकों पुराने अतिक्रमण पर प्रहार करते हुए लगभग 21 बीघा बेशकीमती जमीन को मुक्त कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय सर्वे क्रमांक 665/779/1, 665/779/2 एवं 665/779/3 की भूमि पर पिछले लगभग 30 वर्षों से कुछ रसूखदार अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। बार-बार चेतावनी के बावजूद जमीन खाली नहीं की जा रही थी। दिनांक 5 मई 2026 को तहसीलदार संतुष्टि पाल ने राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुँचकर सख्त कार्रवाई की और भूमि को पुनः शासन के हित में अधिग्रहित किया।कार्रवाई के दौरान राजस्व टीम ने मौके पर ही 'शासकीय भूमि' होने का साइन बोर्ड लगा दिया है, ताकि भविष्य में कोई भ्रम न रहे। तहसीलदार ने स्पष्ट शब्दों में अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी है कि उक्त भूमि पर पुनः प्रवेश या अतिक्रमण करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार की गतिविधि अब कानूनी अपराध मानी जाएगी। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है, जिससे अब इस भूमि का उपयोग सार्वजनिक विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा।

## बाइक से गांव लौट रहे मां-बेटे पर की ताबड़तोड़ फायरिंग, माँ को लगी गोली



**सुसनेर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज वारदात सामने आई। बाइक सवार बदमाशों ने मां-बेटे को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इस हमले में मां गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि बेटा बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मगरिया निवासी धापू बाई (50) पति सुजान सिंह अपने पुत्र विष्णु गुर्जर के साथ सुसनेर से अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान मगीसपुर और रामगढ़ के बीच सुनसान रास्ते पर दो बाइक पर सवार करीब पांच हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। हमले में धापू बाई को गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल सिविल अस्पताल सुसनेर पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सुसनेर थाना पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस तत्काल अस्पताल पहुंचे और घायल महिला के बयान दर्ज किए। वहीं सीएसपी मोतीलाल कुशवाह ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले किटखेड़ी डेम में मछली पालन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था जिसमें पहले भी फायरिंग की घटना हो चुकी है। आशंका जताई जा रही है कि उसी विवाद के चलते इस हमले को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार अजय प्रजापत पिता कैलाश प्रजापत निवासी 24, गांधी नगर, नानाखेडा, उज्जैन म.प्र. ने भवन स्वामी मेघराज गेहलोत निवासी 340/8, शास्त्री नगर, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन जो कि भुखण्ड क्र. 51 का दक्षिण दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 28.90 वर्गमीटर होकर सी सेक्टर सार्थक नगर, उज्जैन मण्प्र में स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय कर लिया है। इसमें भवन मय तल एवं हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दी गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति ए संस्था ए बैंक या किसी विभाग की कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्थाए विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चूयात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक - 06/05/26, उज्जैन

**महेश त्रिपाठी एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलयः सी-8, भरतपुरी उज्जैन**
**मोबाईल न 98260-71074**



# दैनिक अवन्तिका

### अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, शादी में शामिल होकर कालापीपल लौट रहे थे, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास के सोनकच्छ में मंगलवार को सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौके पर मौत हो गई। पाटड़िया के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों कालापीपल के निवासी थे और देवास में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

जानकारी के अनुसार अंसार (30) अपने पिता दिलशाद (60) के साथ गंधर्वपुरी में पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों देवली स्थित रिश्तेदार के घर जा रहे थे, तभी पाटड़िया के पास हादसा हो गया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही सोनकच्छ क्षेत्र से परिजन अस्पताल पहुंचे। परिवार में शोक का माहौल है।



पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

### खुशी में गए थे, गम मिला

परिजनों ने बताया कि पिता-पुत्र को शादी में खुशी-खुशी भेजा था, लेकिन अचानक हादसे की खबर ने पूरे परिवार को तोड़ दिया।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग मजदूर की मौत

इसी प्रकार देवास में भौंरासा फाटा के पास एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग मजदूर प्रभुलाल की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात तब हुई जब वे अपनी मां से मिलकर सोनकच्छ स्थित अपने कार्यस्थल लौट रहे थे।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खामखेड़ी (बागली) निवासी प्रभुलाल



सोनकच्छ क्षेत्र में मजदूरी करते थे। मंगलवार को वे अपनी मां से मिलने गांव गए थे। वापस लौटते समय भौंरासा फाटा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने रात करीब 1 बजे प्रभुलाल के परिजनों को हादसे की सूचना दी। उनके बेटे माखन रघुवंशी ने बताया कि उन्हें अभी तक यह स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है कि यह घटना कैसे हुई। सूचना मिलने के बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

परीक्षा परिणामों की समीक्षा

## कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों पर कार्यवाही के निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट में वर्ष 2025 - 26 की बोर्ड परीक्षाओं में अपेक्षाकृत कम परिणाम देने वाले विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विद्यालयवार, विषयवार एवं शिक्षकवार परिणामों का गहन विश्लेषण किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ विद्यालयों में अपेक्षित शैक्षणिक गुणवत्ता एवं परिणाम नहीं मिल पाए, जिस पर संबंधित प्राचार्यों एवं शिक्षकों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिए। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भ्याना के प्राचार्य की एक वेतन वृद्धि रोकने एवं पद से हटाने के निर्देश दिए।अंग्रेजी विषय की शिक्षिका श्रीमती प्रियंका मालवीय की पर्यवेक्षण अवधि बढ़ाई गई वहीं गणित शिक्षक कन्हैया लाल मालवीय एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। हाईस्कूल सराली के प्राचार्य रोहित किरार का एक माह का वेतन रोकते हुए उनकी पर्यवेक्षण अवधि दो वर्ष बढ़ाई। विज्ञान शिक्षक सैयद हसन रजा का एक माह का वेतन रोका तथा भविष्य में परिणाम सुधार नहीं होने पर एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री श्री पवार का गृह ग्राम सेमलापार हाई-स्कूल के प्राचार्य गोपीलाल अहिरवार की वेतन वृद्धि रोकने एवं विज्ञान शिक्षिका श्रीमती चित्रलेखा पटले के निलंबन हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

गेहूं खरीदी का रिकॉर्ड

# 108 केंद्रों पर 18 लाख क्विंटल की आवक, 44 हजार किसानों ने बची गेहूं की उपज

### कई किसानों का बिल नहीं मिलने से भुगतान अटका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

अन्नादाताओं के लिए इस बार की गेहूं खरीदी सरकार 2625 रूपए प्रति क्विंटल में कर रही है। सारंगपुर अनुविभाग में 27 तथा जिले के 108 उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की बंपर आवक जारी है और खरीदी का आंकडा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, वहीं दूसरी ओर खरीदी केंद्रो के कर्मचारियों की सुस्ती और तकनीकी खामियों ने किसानों की कमर तोड दी है। कई किसान ऐसे है जिनका हजारों रुपया सिस्टम की फाइलों में अटका हुआ है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खडा हो गया है।



### आंकडों में खरीदी की स्थिति

जिले में इस सीजन में अब तक कुल 18,07,984.74 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। यह आंकडा दशार्ता है कि जिले के किसानों ने कडी मेहनत के साथ फसल पैदा की और उसे सरकारी केंद्रों तक पहुंचाया। प्रशासन ने इन केंद्रों पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होने के दावे तो किए थे, लेकिन धरातल पर भुगतान की स्थिति बेहद चिंताजनक है।

### पसीने की कमाई के लिए भटक रहे किसान

सबसे बडा सवाल कई किसानों का है, जिन्होंने अपना गेहूं केंद्रों पर तौल दिया है लेकिन उन्हें अभी तक एक रुपये का भी भुगतान नहीं मिला है। ऐसे ही एक किसान लाटाहेड़ी के किसान एवं पूर्व जपं सदस्य बापूलाल वर्मा ने अपना गेहूं 27 अप्रैल को गरिमा स्व सहायता समूह नाहली को समर्थन मूल्य पर बेचा है लेकिन आज तक उन्हें अपने 15.50 क्विंटल गेहूं के 40687 रुपए खातें में प्राप्त नहीं हुई। खरीदी केंद्र संचालकों से भुगतान न होना का कारण जाना तो उनका कहना था कि बिल नहीं बनने से भुगतान अटका है। केंद्र संचालकों की लापरवाही से किसान को नुकसान झेलना पड़ रहा है। जबकि इसी तरह के आठ किसान इस केंद्र पर भुगतान के लिए परेशान हो रहे है, जिनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। जबकि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार गेहूं की तुलाई के 48 से 72 घंटों के भीतर राशि सीधे किसान के बैंक खाते में पहुंच जानी चाहिए। जबकि बापूलाल वर्मा जैसे जिले के सैकड़ो किसान ऐसे हैं जिन्हें गेहूं बेचे 10 से 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन उनके मोबाइल पर न तो भुगतान का मैसेज आया है और न ही खाते में राशि जमा हुई है।

### किसानों की दोहरी मार

किसान बापूलाल वर्मा ने बताया कि इस समय दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ भीषण गर्मी में केंद्रों पर गेहूं की सुरक्षा की चिंता है, तो दूसरी तरफ घर चलाने के लिए पैसों की तंगी। शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है और अगली फसल के लिए खाद-बीज का इंतजाम करना है। सरकार ने गेहूं तो ले लिया, लेकिन पैसा कब देगी, इसका कोई ठिकाना नहीं। साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर पैसा लेना पड रहा है।

फसल कटाई के बाद नर्मदा प्रोजेक्ट का काम तेज

# 75 प्रतिशत काम पूरा, 1587 करोड़ की योजना से 129 गांवों को मिलेगा सिंचाई का लाभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर

बदनावर में 1587 करोड़ रुपए की नर्मदा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य तेजी से जारी है। इस परियोजना का 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जिससे 129 गांवों की 50 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों के खाली होने से परियोजना के काम में गति आई है। पिछले चार महीने से फसलों के कारण काम धीमा पड़ गया था। अब नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) की ओर से कार्य को तीव्र गति से कराया जा रहा है। परियोजना के तहत क्षेत्र में पिछले ढाई साल से पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। अब तक करीब 12 किलोमीटर माइनर पाइपलाइन डाली जा चुकी है। इसमें 800, 900, 1000 और 1100 मिमी व्यास के पाइप शामिल हैं, जिन्हें मुख्य एचडीपी लाइन से जोड़ा जाएगा।



दिन में पाइप की जॉइंटिंग और वेल्डिंग का काम किया जा रहा है, जबकि रात में मशीनों से खुदाई का कार्य होता है। कार्य क्षेत्र उपलब्ध होने के साथ ही पाइपलाइन बिछाने का काम आगे बढ़ाया जा रहा है। विभाग ने इस वर्ष बरसात से पहले अधिकतम पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें करीब 30 किलोमीटर का लक्ष्य निर्धारित है।

जल लिफ्टिंग के लिए कुल आठ पंप हाउस बनाए जाएंगे, जो ग्रेविटी सिस्टम के जरिए पानी को क्षेत्र तक पहुंचाएंगे। इनमें से पांच पंप हाउसों का निर्माण कार्य प्रगति पर है और पंप भी मौके पर पहुंच चुके हैं। इन पंप हाउसों में पीएस-1 (नर्मदा नदी के पास), पीएस-2 (खेरवाजागीर), पीएस-3 (कुआं) और पीएस-4 (लटामली) जैसे स्थान शामिल हैं। पहले चरण में आठ पंप स्थापित होंगे, जिनमें से छह पंप सक्रिय रहेंगे और दो पंप रखरखाव के लिए रिजर्व में रखे जाएंगे। खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए कुल 3550 किलोमीटर लंबी एचडीपी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। अभी तक 2950 किलोमीटर लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इसके अलावा 3200 मिमी चौड़े एमएस लोहे के मेन पाइप से कुल 56 से 59 किलोमीटर का नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिसमें से लगभग 21 किलोमीटर बिछाया जा चुका है। योजना के तहत आरसीएम चेक बनाए जाएंगे, जहां प्रत्येक चेक से 2.5 हेक्टेयर क्षेत्र कवर होगा।

प्रत्येक चेक मे आठ कट प्वाइंट होंगे, जिनसे पानी किसानों के खेतों की मेड़ तक पहुंचेगा। जरूरत पड़ने पर किसान सहयोग से भी जल का उपयोग कर सकेंगे। तेलंगाना की कंपनी एस रिवरवोल्ट माइक्रो जेवी हैदराबाद साढ़े तीन हजार किलोमीटर क्षेत्र में भूमिगत पाइप लाइन बिछा रही है। खेतो में फसल कटाई के बाद काम मे तेजी आ गई है।

देवास में सब इंजीनियर को दौड़ा-दौड़ाकर डंडे से पीटा

# जनपद सदस्य के पति ने किया हमला; जान बचाने घर में छिपना पड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

मध्यप्रदेश के देवास में जनपद सदस्य के पति ने सब-इंजीनियर पर



डंडे से हमला कर दिया। आरोपी डंडा लेकर उनके पीछे दौड़ा। हमले में इंजीनियर के सिर में चोट आई और उन्हें जान बचाने के लिए पास के एक घर में छिपना पड़ा। मंगलवार को घटना का वीडियो भी सामने आया है।

घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडू तालाब कार्यालय की है। सब-इंजीनियर गोविंद डाबर वहां शासकीय कार्य के दौरान मौजूद थे, तभी जनपद सदस्य रायकुबाई डोडवे के पति संतोष डोडवे ने उन पर हमला कर दिया।

### निरीक्षण करने पहुंचे थे अफसर

डाबर के कार्यक्षेत्र में उदयनगर की करीब 10 पंचायतें शामिल हैं। कुछ दिन पहले संतोष डोडवे, निवासी झाड़कापुरा (ग्राम पंचायत देवनलिया), ने उन्हें नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल का निरीक्षण करने बुलाया था।

निरीक्षण के दौरान डाबर ने पाया कि प्रस्तावित स्थान पर पहले से चबूतरा बना है, जिससे तकनीकी रूप से वहां निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने नियमानुसार अन्य स्थान चुनने की सलाह दी थी। इसी बात से नाराज होकर संतोष डोडवे डंडा लेकर कार्यालय पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

### आरोपी के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

हमले के बाद डाबर उदयनगर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी विजेंद्र सोलंकी के मुताबिक, इंजीनियर को गंभीर चोट नहीं आई है और मामले की जांच जारी है।

### जान बचाने घर में छिपे

गोविंद डावर ने बताया कि जनपद सदस्य के पति संतोष डोडवे लट्ठ लेकर मौके पर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। उस समय उन्होंने बताया था कि वे कन्नौद की ओर जा रहे हैं। इसके बाद आरोपी अचानक मौके पर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए वे पास के एक घर में जाकर छिप गए और गेट बंद कर लिया। आरोपी करीब 10 से 15 मिनट तक बाहर खड़े होकर धमकाता रहा और बाहर आने के लिए कहता रहा।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि श्रीमती देवकुंवरबाई पति भगवानसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम सामरखेड़ी की से उनके निजी आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि जिसका सर्वे नम्बर 91/1 रकबा 1.46 हैक्टर में से रकबा 1.20 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सामरखेड़ी तहसील घटिटया जिला उज्जैन एवं कमलसिंह पिता रुगनाथसिंह राजपूत निवासी ग्राम सामरखेड़ी से उनके निजी स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका सर्वे क्रमांक 91/2 रकबा 0.80 हैक्टेयर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 2.00 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सामरखेड़ी तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भुमि का विक्रय टोकन/सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो ।

इति दिनांक-06-05-2026

**ज्योतिष शर्मा (दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता -उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96300-65216,**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गोलू चौधरी पिता श्री किशोर चौधरी जाति खाती निवासी ग्राम निरंजनपुर जिला इन्दौर ने श्रीमती सौरमबाई पति श्री विक्रम जाति बागरी, लखन पिता श्री विक्रम जाति बागरी एवं विजय पिता श्री विक्रम जाति बागरी निवासीगण ग्राम बादलखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 121 रकबा 0.190 हेक्टर, सर्वे नंबर 122 रकबा 0.240 हेक्टर, सर्वे नंबर 142 रकबा 0.120 हेक्टर, सर्वे नंबर 144 रकबा 0.400 हेक्टर कुल किता 4 रकबा 0.950 हेक्टर स्थित ग्राम बादलखेड़ी प.ह.नं. 13 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक टोकन बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंधानुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि 1 में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 06/05/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**



### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ₹महानंदा नगर₹ आवासीय योजना के अंतर्गत भवन / भूखण्ड क्र. ए-26/17 जी श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस. श्री निलेश शर्मा पिता श्री डालचंद शर्मा निवासी - 05, संजय नगर, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर दर्ज है।

आवंटी/मु.आ के द्वारा उक्त सम्पति के विक्रय/अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण श्री राकेश वर्मा पिता श्री महेशचंद्र वर्मा निवासी-ए-26/15 महानंदा नगर उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः आवंटी/मु.आ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विकय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विकय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**



### कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क - 0734 2511048, फेक्स 0734 2511047

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एत्तद् सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की नानाखेड़ा योजना क्र. 2 योजना के अंतर्गत आवासीय उपयोग हेतु भूखण्ड/भवन क्र. 186 ईडब्ल्यूएस 1-श्रीमती धनवंतरी बाई पति श्री देवीलाल 2-मायाबाई पति श्री बाबूलाल, 3- श्री निवास आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य, 4-श्री पेपकुंवर लोहानी पति श्री सुभाषचन्द्र लोहानी 5-श्री संतोष आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य एवं 6- श्री ओमप्रकाश आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य के नाम पर दर्ज है।

1-श्रीमती धनवंतरी बाई पति श्री देवीलाल 2-मायाबाई पति श्री बाबूलाल, 3-श्री निवास आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य, 4-श्री पेपकुंवर लोहानी पति श्री सुभाषचन्द्र लोहानी 5-श्री संतोष आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य के द्वारा उक्त सम्पत्ति का हकत्याग प्राधिकरण की बिना अनुमति के श्री ओमप्रकाश आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य के नाम पर सम्पादित किया गया है।

श्री ओमप्रकाश आर्य पिता श्री देवीलाल आर्य के द्वारा उक्त सम्पति का प्राधिकरण की बिना अनुमति लिए अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति स्वयं के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है।

अतः आवंटी/मु.आ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## आज शहर में नहीं होगा जल प्रदाय

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन के अंतर्गत गंभीर इंटेक पर 6 मई 2026 को एम.पी.ई.बी. द्वारा विद्युत शटडाउन लिया गया। इस शटडाउन के चलते गंभीर इंटेक से संचालित जल प्रदाय व्यवस्था एवं पंपिंग कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसी के परिणामस्वरूप आज 7 मई 2026 को शहर में जल प्रदाय नहीं किया जा सकेगा। निगम प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए पानी का आवश्यकतानुसार उपयोग करने का आग्रह किया है।

## डाक संभाग 08 एवं 09 मई को लगाएगा विशेष आधार शिविर

**गुना।** अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि गुना डाक संभाग केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वचन बद्ध हैं। इसी कड़ी में गुना डाक संभाग के अंतर्गत आने वाले गुना एवं अशोकनगर जिले के प्रधान डाकघरों के आधार केंद्रों में दिनांक 8 एवं 9 मई 2026 को विशेष आधार महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है, डाकघर के अलावा जिला न्यायालय में आयोजित होने वाली लोक अदालत एवं जिला केमिस्ट भवन मारुति शो रूम के पास भी उक्त आधार शिविर गुना डाक संभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रात: 8:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आधार इनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य किया जाएगा। गुना प्रधान डाकघर में 8 एवं 9 मई को आधार से संबंधित कार्य प्रात: 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक किया जावेगा।अधीक्षक डाकघर गुना श्री चतुर्वेदी ने जन सामान्य से इस आधार महा अभियान के दौरान अपने निकटतम डाकघर या केमिस्ट भवन या जिला न्यायालय परिसर के विशेष आधार केंद्र में जाकर अपने आधार में आवश्यक सुधार या नया आधार बनाने, आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन का कार्य करवाने की अपील की हैं।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक निगम आयुक्त अनिल भाना की उपस्थिति में आयोजित हुई जिसमें क्षेत्र में विलुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि कल्पवृक्ष सहित अन्य विलुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा। वृक्षों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्री-गार्ड लगाए जाएंगे एवं क्षेत्र के सभी वृक्षों का सर्वे कर उनका व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। समिति के सदस्यों द्वारा वार्ड स्तर पर भ्रमण कर विभिन्न प्रजातियों की स्थिति का आकलन करने तथा आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

## महिलाओं को जो?ने हेतु बैठक का आयोजन

**रतलाम ।** महिला सशक्तिकरण को ब?ावा देने के उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों की दीदीयों को भारतीय जीवन बीमा निगम की ''बीमा सखी योजना'' से जो?ने हेतु बैठक का आयोजन हुआ। आयोजित बैठक में भारतीय जीवन बीमा निगम काटजू नगर शाखा प्रबंधक आलोक प्रकाश तिवारी एवं मुख्य जीवन बीमा सलाहकार दीपक तनपूरे द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं को बीमा सखी योजना की जानकारी से अवगत कराया। पूर्व से इस योजना में कार्यरत् समूह की दीदीयों द्वारा अपने अनुभव बैठक में साझा किये। जिसमें समूह की महिलाओं ने बताया कि पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर वे बीमा सखी बनी एवं वर्तमान में 7 से 15 जार रूपये प्रतिमाह की आय अर्जित कर रही है। बैठक में सिटी मिशन मैनेजर सुश्री नेहा कुवाल एवं श्रीमती ललीता बर? सहित स्व सहायता समूह की महिलाऐं उपस्थित थीं।

## नेशनल लोक अदालत का 9 मई शनिवार को आयोजन

**रतलाम ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 9 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/- (रूपये दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) से अधिक तथा रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10,000/- से अधिक तथा रूपये 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 1,00,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट।

# जटाशंकर परिसर में भाजपा नगर मंडल की बैठक संपन्न

## संगठन की अपेक्षाओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया

**दैनिक अवन्तिका »शुजालपुर**

सिद्ध क्षेत्र जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से मंथन हुआ। बैठक में जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभु लाल जाटवा, जिला महामंत्री विजय सिंह बैस, जिला मंत्री अंजू खत्री, संगीता आर्य, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी तथा नवनियुक्त नगर मंडल प्रभारी कपिल परमार मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहें के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। पूर्व पार्षद एवं भाजपा मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बैठक का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए संगठन की अपेक्षाओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया। जिला प्रभारी प्रभु लाल जाटवा एवं जिला महामंत्री विजय सिंह बैस ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने और प्रत्येक बैठक में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी। बैठक के दौरान नवनियुक्त नगर मंडल प्रभारी कपिल परमार का करतल ध्वनि के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल महामंत्री अमित भैरवे, मधु मंडलोई, कवलजीत कौर रजपाल, कृष्णा पाठक, कमल पुष्पद, मोहन



जाटव, मनीष रामडिया, महेश नेमा, उदय सिंह सिसोदिया, सुनील जैन, कपिल मारवाड़ी, सुभाष आर्य, नटवर राणा, गौतम परमार, भगवान यादव, हेमंत पुष्पद, राकेश परमार, अमित गोयनका, अजय यादव, इसाक खान, शरद कुंभकार, निलेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री योगेश शिवहरे व आभार प्रदर्शन कार्यालय मंत्री मनोज राणा ने व्यक्त किया।

# एकता और डिजिटल सुरक्षा पर दिया गया विशेष जोर

**गुना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं 12 मीडियम रेजीमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आज जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमाण्डर आशुतोष शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक का शुभारंभ विंग कमाण्डर आशुतोष शुक्ला द्वारा सभी उपस्थितजनों के स्वागत के साथ हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों के बीच एकता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही एकता समाज में सकारात्मक संदेश देती है। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद भी सैनिकों की भूमिका समाप्त नहीं होती, बल्कि समाज और सरकार को उनसे अनेक अपेक्षाएं रहती हैं। ऐसे में प्रत्येक पूर्व सैनिक को अपने अनुभव और अनुशासन के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय



योगदान देना चाहिए।

विंग कमाण्डर श्री शुक्ला ने वर्तमान समय में बढ़ते डिजिटल खतरों पर सभी को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन धोखाधड़ी और फर्जी कॉल्स से बचने के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं सुझाव भी रखे, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक के अंत में वीरांगनाओं एवं तीन वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिकों को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक, वीरांगनाएं एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया।

## हिस्से के विवाद में भाइयों ने की मारपीट

**शुजालपुर।** हिस्से के विवाद को लेकर तीन भाइयों द्वारा मारपीट और तोड़फ ोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के अनुसार हेमंत धनगर 38 निवासी ग्राम जामनेर हाल मुकाम स्वप्नसिटी कॉलोनी शुजालपुर मंडी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। पांच भाइयों के बीच पूर्व में मकान बेचकर आपसी सहमति से राशि का बंटवारा किया जा चुका था। आरोप है कि 6 मई की सुबह करीब 10 बजे उसके भाई विक्रम, धर्मेंद्र और दीपक उसके घर पहुंचे और मकान के हिस्से को लेकर विवाद करने लगे। इस दौरान तीनों ने उसे और उसकी पत्नी को अश्लील गालियां दीं।

# रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत

**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने बुधवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का परंपरानुसार स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप उपस्थित रहे। रतलाम के समाजजनों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मनोनीत पदाधिकारियों द्वारा आयोजित स्वागत एवं धन्यवाद समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैसी नीयत होती है, ऊपरवाला वैसी ही बरकत देता है। हमारा प्रदेश आज देश में सुशासन के जरिए लोक कल्याण का पर्याय बन चुका है। लोक कल्याण के अवसर सबको मिलते हैं, लेकिन जो हृदय की गहराईयों से लोगों के कल्याण की सोच रखते हैं, ईश्वर उसकी मदद करते हैं। हमारी सरकार लोक कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्ध सोच, कर्मठता, समर्पण और नवाचारों के साथ आगे बड रही है। आज प्रदेश के हर कोने में, हर छोर में सुशासन का दौर है। उन्होंने कहा कि हमने ''विरासत से विकास'' की अपनी परम्परा को



कायम रखते हुए जनहित में अधिकाधिक नवाचार अपनाकर प्रदेश की तरक्की के नए रास्ते बनाये हैं। प्रदेश की जनता की सेवा, कल्याण और सबके जीवन में खुशहाली लाने में हम कोई कसर नहीं रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ''सच्चा वादा- पक्का काम'' यही हमारी सरकार का मूलमंत्र है। प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वन पर्यटन बढाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन बडेगा तो प्रदेश में रोजगार बडेंगे और इसका सीधा लाभ हमारे अपने नागरिकों को होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अभी और भी आयोग-निगम-मंडलों एवं विकास प्राधिकरणों में नियुक्ति की जाएंगी। प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सभी सुयोग्य व्यक्तियों को अवसर दिया जाएगा। एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस अवसर पर रतलाम के विकास की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकसित मध्यप्रदेश के साथ विकसित रतलाम का संकल्प व्यक्त किया। समारोह के दौरान डॉ. यादव का रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, प्राधिकरण के उपाध्यक्षद्वय गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी, सदस्य राजेन्द्रसिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास एवं किरण महावर ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करके उन्हें जनकल्याण का सेवा दायित्व देने के लिए आभार ज्ञापित किया। इस दौरान महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय मंचासीन रहे। संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया। रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह से पूर्व प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुँचकर प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खण्डेलवाल का भी एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में स्वागत, अभिनन्दन किया और नियुक्ति के लिए आभार जताया।

## वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 09 मई को, लोगों को किया जागरूक

**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में दिनांक 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रचार बाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर से रवाना किया गया। उक्त प्रचार वाहनों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का वाहन, विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं बैंक के वाहन सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर श्रीमती वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उक्त प्रचार वाहनों द्वारा सपूर्ण गुना जिले की नगरीय सीमाओं, बाजार, मोहल्लों में जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार कर आमजन को नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा कर अपने न्यायालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु जागरूक किया जावेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, चैकबाउंस, क्लेम, भू अर्जन, पारिवारिक मामले, एवं अन्य प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही बैंक, विद्युत, बीएसएनएल एवं नगरपालिका के जलकर, संपत्तिकर आदि से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। जिसमें संबंधित पक्षकार अपने प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निराकरण करा सकते है तथा विद्युत कंपनी, बैंक एवं नगर पालिका द्वारा प्रदाय की जाने वाली छूट का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त अवसर पर जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, सुश्री शैलजा गुप्ता, राघवेन्द्र भारद्वाज, राधाकिशन मालवीय, श्रीमती सोनाली शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री मधुलिका मुले सहित अन्य न्यायाधीशगण, विद्युत एवं नगर पालिका के अधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम के अधिवक्तागण, पैरालीगल वॉलेंटियर्स तथा जिला न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण गुना के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आमजन से अपील है कि दिनांक 09 मई, 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के उपलक्ष्य में दिनांक 08 मई 2026 एवं 09 मई 2026 को प्रात: 10:30 बजे से साय 5:30 तक आधार कार्ड बनवाने एवं अपडेट कराये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं डाक विभाग के समन्वय से ई-सर्विस केन्द्र, न्यायालय परिसर, गुना में आयोजित किया जा रहा है साथ ही दिनांक 09 मई 2026 को न्यायालय परिसर, गुना में जिला चिकित्सालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना के संयुक्त तत्वाधान में वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में लोग उपस्थित होकर लाभ प्राप्त कर सकते हो।

## राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता के खिलाडियों का कलेक्टर-एसपी ने किया उत्साहवर्धन



**गुना।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 की राज्य स्तरीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता में गुना जिले से ग्वालियर संभाग टीम में चयनित 8 बालक एवं 7 बालिकाओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भोपाल संभाग तथा द्वितीय स्थान ग्वालियर संभाग का रहा मध्य प्रदेश शासन द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर गुना जिले के 15 थ्रोबॉल खिलाडियों को 21000-21000 की नगद राशि प्रदान की गई। इस उपलक्ष्य में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक श्रीमति हितिका वासल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अनुविभागीय अधिकारी, तथा रक्षित निरीक्षक पुलिस एवं समस्त अधिकारियों ने खिलाडियों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री कन्याल एवं एसपी श्रीमति हितिका वासलय द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर कहा गया कि जिले का नाम ऐसे ही आगे बढ़ाते रहो। समस्त खिलाड़ियों को खेल और युवा कल्याण विभाग के दुर्गेश सक्सेना द्वारा समस्त अधिकारियों से परिचय कराया गया।


### जाहिर सूचना

4 सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) चन्द्रशेखर पिता रणछोडदास जी जाति बलाई निवासी ग्राम मुंडली तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम ग्राम मुंडली तहसील तराना जिला उज्जैन में भुमि सर्वे नम्बर 670/1 रकबा 0.65 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 0.50 हेक्टेयर भुमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित में संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो । इति दिनांक 06-05-2026

**रवि प्रजापति अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से**
**शाम 4: 30 बजे तक मो.नं. 8827905460**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भुमि स्वामी कृषक (1) मीना डोडीया पति सुशील कुमार डोडीया जी जाति महाजन निवासी तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम खजुरीया परमार तहसील व जिला देवास में भुमि सर्वे नम्बर 145/1/2 रकबा 0.12 हेक्टेयर भुमि, कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 0.12 हेक्टेयर भुमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो । दिनांक 06-05-2026

**अर्जनसिंह बडाल अभिभाषक तराना**
**कार्यालय समय सुबह 10 बजे से**
**शाम 4:30 बजे तक मो.नं. 9893633443**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा संपत्ति स्वामी राहुल सिंह चौहान पिता रोशन सिंह चौहान पता 44 बी सागर एवेन्यू नरेल संकरी अयोध्या बायपास हुजूर भोपाल निवासी उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 334 रकबा 1.5800 हेक्टर में से रकबा 0.5000 हेक्टर स्थित ग्राम निपानिया गोयल, पटवारी हल्का निपानिया गोयल तहसील घटिया जिला उज्जैन, म.प्र. में स्थित हैं को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध संपत्ति स्वामी एवं मेरे पक्षकार के मध्य किया गया हैं। यह कि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय मुल्य की धनराशि बाबत बयाना राशि अदा कर दी हैं और उपरोक्त अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि संपत्ति स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री का संपादन संपत्ति स्वामी से उनके हित में करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्ति के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित संपत्ति के दस्तावेज विक्रय पत्र / रजिस्ट्री का संपादन अपने हित में करवा ली जावेगीं व बाद किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक: 07-05-2026 उज्जैन

**अभिषेक सिकरवार एडवोकेट**
**कार्यालय डी-3, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन सिटी**
**ऑफीस 15, कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**मो.नं. 98273-80500, 70001-92470**

## स्टेट लेवर एमपीएएस प्रतियोगिता में हितांशी मेरिट में रही

**मन्दसौर।** एमपीएएस (माइंड पावर अबेकस सिस्टम) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2026 में मंदसौर निवासी छात्रा हितांशी सौरभ सोमानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट में स्थान प्राप्त कर मंदसौर एवं परिवार का गौरव बढ़ाया। विगत दिनों अभय प्रशाल, रेस कोर्स रोड, इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय परीक्षा में हितांशी ने अपनी तीव्र मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता और अबेकस कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। हितांशी ने यह सफलता विजनर अबेकस, नीमच के शिक्षिका श्रीमती सविता जायसवाल एवं अपनी माता नेहा सोमानी के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त की।

## 107वें दिन शिवना नदी से निकाली एक ट्रॉली गंदगी

**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण जन अभियान अपने 107वें दिन विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में समाजसेवियों और नागरिकों ने श्रमदान कर नदी से एक ट्रॉली कचरा और गाजर घास निकाली। इस अवसर पर विधायक जैन ने बताया कि पिछले एक साल से शिवना को स्वच्छ बनाने के सामूहिक प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत १ मई से गाद निकालने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है जो 20 मई तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने अपील की कि वे नदी में कचरा न फेंकें और प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दें। बुधवार को अभियान में मनीष भावसार, हेमराज खाबिया, रमेश सोनी और इष्टा भाचावत सहित अनेक नागरिक व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेजपुरिया से चोरी हुई तूफान कार बरामद

**मन्दसौर।** नईआबादी थाना पुलिस ने ग्राम सेजपुरिया से चोरी गई तूफान चार पहिया वाह को जब्त कर लिया है। घटना के अनुसार फरियादी लोकेश कुमावत निवासी सेजपुरिया ने थाना नई आबादी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश उनके पिता के नाम पर पंजीकृत वाहन क्र. एमपी 14 टीसी 0166 चोरी कर ले गया है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल एवं सीएसपी जितेन्द्र सिंह भास्कर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में गठित टीम ने घेराबंदी कर चोरी गया वाहन बरामद किया।

## जगदीश नागदा विप्र सेना जिला मंत्री नियुक्त

**नीमच।** समाज में शिक्षा संस्कार के माध्यम से सामाजिक एकता स्थापित करने के उद्देश से? विप्र सेना राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवारी व मध्य प्रदेश प्रभारी सुनील शर्मा के निर्देशन में नीमच जिले के रेवली देवली ग्राम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश पिता चतुर्भुज नागदा को उनकी सामाजिक सक्रियता को ध्यान में रखते हुए विप्र सेना जिला इकाई में जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया और समाज विकास को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सेवा के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए सकारात्मक ऊर्जा से कार्य करने के निर्देश प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि जगदीश( लाला) नागदा द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों में रहते हुए सांवरिया जी पदयात्रा ब्राह्मण महाकुंभ सकल विप्र समाज सहित विभिन्न क्षेत्र मेंअनेक सेवा प्रकल्पों में विभिन्न सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान प्रदान किया गया है।

## भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत पर प्रधानमंत्री को दी बधाई

**नीमच।** नीमच-पश्चिम बंगाल में सम्पन्न हुए विधानसभा 2026 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड विजयश्री पर चैकन्ना बालाजी महंत योगीराज रंजन स्वामी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के चाणक्य अमित शाह को अपना बंधाई संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि यह विजय बंगाल की नहीं सनातन की हुई है। १५ वर्षो के कुशासक को बंगाल की जनता ने उखाड़ कर फेंक दिया है। और विकास की राह देख रही बंगाल की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता की चाबी सौंप दी है। और अब बंगाल विकास के नये आयाम स्थापित करेंगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, नये उद्योग स्थापित होंगे जिससे शिक्षित बेरोजगार को रोजगार मिलेगा। नारी सशक्तिकरण को बल मिलेगा।

# विनर वर्ल्ड अबेकस - रतलाम एवं उज्जैन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



यूसीमास मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय अबेकस एवं मानसिक गणित प्रतियोगिता तथा स्नातक समारोह में इस वर्ष विनर वर्ल्ड अबेकस - रतलाम एवं उज्जैन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 200 से अधिक यूसीमास केंद्रों से करीब पांच हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने मात्र 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल कर अपनी असाधारण मानसिक क्षमता का परिचय दिया।

संस्था के संचालक राज बसु ने बताया कि रतलाम की छात्रा जाह्नवी राठौर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में मलेशिया से आए अंतरराष्ट्रीय अतिथि डॉ. डिनो वोंग की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। यह भव्य आयोजन 3 मई 2026 को रवींद्र नाट्य गृह में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता में रतलाम एवं उज्जैन केंद्र के विद्यार्थियों ने कुल 1 चैंपियन ऑफ चैंपियन, 3 चैंपियन, 4 प्रथम उपविजेता, 2 द्वितीय उपविजेता, 3 तृतीय उपविजेता, 4 चतुर्थ उपविजेता एवं 5 पंचम उपविजेता स्थान प्राप्त किए। इसके अलावा 31 विद्यार्थियों को मेधा पुरस्कार तथा 11 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

चैंपियन- अनन्या कोठारी, रेवित अग्रवाल, विराज चौहान, प्रथम उपविजेता- दीप्ति सोनी, निधि चौहान, तृषा शर्मा, द्वितीय उपविजेता- दिव्यम गुप्ता, काजल जोरवाल, तृतीय उपविजेता- धैर्य प्रताप सिंह कुशवाह, लब्धि जैन, श्रुति चौहान, चतुर्थ उपविजेता- हितांश नलवाया, इशिका व्यास, प्रणय सिंह चौहान, प्रियांशी जोरवाल, पंचम उपविजेता- अवीर सांघवी, मादिहा कुरेशी, शिवांश याति।

**मेधा पुरस्कार विजेता**

आध्या मिश्रा, आयांश यादव, भाग्यश्री टांक, दक्ष चौहान, दर्श शर्मा, दर्शिल जैन, जीवांश चोरडि?ा, जीविका चौहान, काव्यांश शर्मा, मोक्ष खिमेसरा, मुहम्मद नौमान मंगल्या, नाम्या तलेरा, निहारिका पंवार, पार्थ भंडारी, प्रीत माहेश्वरी, रुचि मिश्रा, समर्थ मिश्रा, शाइली बैरागी, स्तुति खिमला, तनय जादव, तनमय भंडारी, वंश शर्मा

**सांत्वना पुरस्कार विजेता**

अधिराज सिंह झाला, अनाया कोठारी, भाविक चौधरी, भाव्या मारू, हिराश्मी चौहान, हृदया शर्मा, मयंक मंडोरा, निध्याना अग्निहोत्री, रिदम मंडोरा, सान्वी टांक, वैभव चौरसिया। संस्था ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में 4 बार चैंपियन ट्रॉफी जीतकर विनर वर्ल्ड अबेकस ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा है।

यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी गर्व का विषय बना।

## चलते लोडिंग वाहन में लगी आग, ड्रायवर ने कूदकर बचाई जान, टेंट सामग्री सहित लोडिंग जलकर राख

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



रतलाम-इंदौर फोरलेन पर बुधवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक लोडिंग वाहन में अचानक आग लग गई।

वाहन में शादी समारोह का टेंट सामान भरा हुआ था, जो देखते ही देखते आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि ड्रायवर की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, लोडिंग वाहन रतलाम से गांव धराड़ की ओर टेंट का सामान लेकर जा रहा था। रतलाम सीमा पार करने के बाद महू-नीमच फोरलेन किनारे स्थित चौपाल सागर के पास अचानक वाहन से धुआं निकलता दिखाई दिया। स्थिति भांपते हुए ड्रायवर ने तुरंत वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और खुद कूदकर बाहर निकल गया।

ड्रायवर के बाहर निकलते ही आग ने विकराल रूप ले लिया और लोडिंग में रखा पूरा टेंट सामान जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरा वाहन भी उसकी चपेट में आ गया।

**फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, यातायात प्रभावित**

घटना की सूचना मिलते ही सालाखेड़ी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि, इस दौरान करीब आधे से पौन घंटे तक फोरलेन पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों को रोकना पड़ा।

**कोई जनहानि नहीं, सामान का नुकसान**

सालाखेड़ी चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र यादव के अनुसार, इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन टेंट सामग्री और लोडिंग वाहन पूरी तरह जल गए।

## कलेक्टर ने टामोटी में रात्रि विश्राम के बाद सुबह जल संरचनाओं का किया निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जिले के जनजाति बाहुल्य ग्राम टामोटी में रात्रि चौपाल एवं जल चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद टामोटी में ही रात्रि विश्राम किया। छात्रावास भवन में अधिकारियों के दल के साथ रात गुजारने के बाद बुधवार को सुबह की पहली किरण के साथ ही कलेक्टर ने टामोटी क्षेत्र के गांवों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जल संरचनाओं के निर्माण कार्यों के स्थल का मौके पर निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने ग्राम शिवपुरिया पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और अधिक से अधिक जल संरचनाओं का जन सहयोग से निर्माण करने की समझाइश दी। बुधवार को सुबह कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा टामोटी के समीप पहाड़ी पर स्थित अरावली गौशाला पहुंचे। वहां उन्होंने गायों को अपने हाथों से गो-ग्रास व चारा खिलाया और गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने गौशाला में उपलब्ध गायों, उनकी देखभाल की व्यवस्था, पशु चारा व पशु आहार की व्यवस्था, पशुओं के लिए पेयजल की उपलब्धता आदि की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने गाय के बछड़ों को गोद में उठाकर उन्हें दुलार भी किया। गौशाला की समिति सदस्यों ने कलेक्टर का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को टामोटी की रात्रि चौपाल में गौशाला संचालक समिति के पदाधिकारी ने कलेक्टर से भेंट की।

## विधायक राहुल भैया से कुं. रणजीत सिंह शक्तावत ने की मुलाकात

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने भोपाल में चुरहट विधानसभा क्षेत्र से विधायक,अजय सिंह राहुल भैया से मुलाकात की। विधायक अजय सिंह ने कुंवर शक्तावत को पार्टी को मजबूत करने हेतु निर्देश दिए राहुल भैया ने कहा कि पार्टी के प्रति समर्पित लोगों को नतमस्तक होते हुए सम्मान दो और पार्टी की विचारधारा से जोड़ो और यह निश्चय करो की 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने तथा भारतीय जनता पार्टी द्वारा किसानों पर किए जा रहे अत्याचारों जिसमें किसानों की जमीन को हड़पने, किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं देने,किसानों से हिटलर शाही की तरीके से ऋण वसूलने,किसानों को उचित फसल बीमा नहीं देने,किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने जैसे विषयों को जन-जन तक पहुंचाओ गरीब, मजलूम, विधवा, अनाथ, पिछड़ा,अल्पसंख्यक एवं समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की हर संभव मदद करो एवं उनके हितों और अधिकारों के लिए हर संभव लड़ाई लड़ो और यह सभी आप लोग करोगे तभी मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी इस पर कुंवर शक्तावत ने अजय सिंह राहुल भैया के आदेशों का पालना करने हेतु उनको आश्वास्त किया और कहा कि आपकी विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचने में मैं अपनी अहम भूमिका अदा करूगा और आपकी भावनाओं पर खरा उतरते हुए निश्चित ही 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार को बनाने में आपके आदेशानुसार हमारा अहम योगदान रहेगा।



# दलौदा में 60 लाख की लागत से 7 नई डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

रोटरी ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत जिले के दलौदा स्थित महावीर स्वास्थ्य केंद्र में 60 लाख रुपये की लागत से स्थापित 7 नवीन डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण हुआ। इस पुनीत अवसर पर उपाध्याय प्रवर गौतम मुनि, प्रवर्तक विजय मुनि, उप प्रवर्तक अरुण मुनि एवं साध्वी श्री कुमुदलता श्रीजी जैसे महान संतों का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं मंदसौर विधायक विपिन जैन उपस्थित रहे।



मशीनों के लोकार्पण के पश्चात अब केंद्र पर कुल 12 डायलिसिस मशीनें उपलब्ध हो गई हैं, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा और प्रतीक्षा सूची से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान दानदाता परिवार आनंदीलाल-कोमलसिंह दुग्गड, राजीव चौधरी एवं राजेंद्र डाकोलिया परिवार का रोटरी क्लब द्वारा सम्मान किया गया। इसके साथ ही महावीर स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष रमेश भंडारी एवं महामंत्री राजेश संचेती सहित अन्य सहयोगियों का भी बहुमान हुआ।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने बताया कि रोटरी का लक्ष्य क्षेत्र में कुल 56 मशीनें स्थापित करना है। राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर और विधायक श्री जैन ने इस प्रकल्प को ग्रामीण क्षेत्र के लिए वरदान बताया।

उल्लेखनीय है कि यहाँ मात्र 300 रुपये में डायलिसिस की सुविधा दी जा रही है, जबकि आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क है। रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा आगामी समय में एक अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस भी जनसेवा को समर्पित की जाएगी। संचालन क्लब सचिव कपिल भण्डारी ने किया एवं आभार ने वैभव दुग्गड़ ने माना।

## चार दिन से लापता युवक का खेत से मिला शव

**नीमच ।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया जागीर में लापता हूए युवक का शव उसके ही खेत स्थित कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पूनमचंद पिता अमरचंद मीणा (30) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पूनमचंद 2 तारीख की रात खेत पर पानी देने गया था, जहां वह रोजाना रुकता था, लेकिन इस बार वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश कर पुलिस को गुमशुदगी की सूचना दी थी।घटना के चार दिन बाद ग्रामीणों को खेत के कुएं में पानी में फूलता हुआ शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## आज से शुरू होगी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2026

**रतलाम।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत द्वितीय परीक्षा ७ मई 2026 से प्रारंभ होगी। परीक्षा के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

## शेड से व्यापारियों का अतिक्रमण नही हटा तो कांग्रेस करेगी आंदोलन-शर्मा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलीया स्टेशन



एशिया की मानी हुई लहसुन मंडी में अव्यवस्थाओ का अंबार है मंडी प्रशासन की मिलीभगत से किसानों की उपज रखने के लहसुन एवं किराना के शेडो में कुछ व्यारियो ने लंबे समय से बलात कब्जा कर रखा है और किसान चिलचिलाती धूप में खुले में अपनी उपज बेचने को मजबूर है।

बुधवार को परेशान किसानों ने मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा को मंडी में बुलाया किसान मोहन चोधरी गगवाड़ा(बड़नगर),रशीद खा पठान कनोरा(कनोरा) आदि ने बताया कि शेड में किसानों ने कब्जा कर रखा है हम सुबह ९,३० बजे के परेशान होरहे है मंडी के बाहर ट्रेक्टर से उपज लेकर आये किसान तेज धूप में बीमार होने की कगार पर है।मंडी प्रशासन शेडो से व्यापारियों के रखे माल को हटवा दे तो हम किसानों की उपज वहां खाली होसके पर कोई सुनने वाला नही है।

इसी प्रकार मोहन मोहन चोधरी ने भी कहा कि हम दूरस्थ गांव से उपज बेचने आते पर शेड में व्यापारियों का कब्जा होने के कारण उपज लेकर आये वाहनों की लंबी लंबी लाइन लगी रहती है हमारा नम्बर भी एक दो दिन में आता है और हमे उपज खुले में चिलचिलाती धूप में ही खाली करनी पड़ रही है ऐसे में बेमौसम बारिश में उपज खराब भी होजाती है जो फिर ओने पौने दामो में बिकती है मंडी प्रशासन को सख्ती के साथ शेड व्यापारियों के कब्जे को तत्काल हटाना चाहिए।

शेडो से कब्जा नही हटा तो कांग्रेसजन करेंगे बड़ा आंदोलन

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान में कृषिउपज मंडी में अव्यवस्थाओ का अंबार है किसानों के लिए बनाए गए शेड में कुछ व्यापारियों ने अवैध कब्जा जमा रखा है कई बार शिकायत करने के बाद भी मंडी प्रशासन के कानों पर जु तक नही रेंगी।शर्मा ने कहा कि मंडी प्रशासन की अकर्मण्यता के चलते दूर दूर से आने वाले किसानों को कोई सुविधाएं नही मिल रही है मंडी में गंदगी का साम्राज्य है गर्मी में ठंडे पानी भी माकूल व्यवस्था नही है जबकि किसान टेक्स के रूप में बड़ी राशि मंडी को दे रहै है। इस मौके पर कांग्रेसनेता अजित कुमठ,बाबुखा मेवाती,अनिल मूलासिया आदि मौजूद थे।

### न्यूज कालम



## जिला स्तरीय पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता संपन्न

**मंदसौर।** स्थानीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले भर के मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके बाद चयनित खिलाड़ी अब 8 से 10 मई तक राजगढ़ जिले के ब्यावरा में आयोजित होने वाली 12वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मंदसौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन समारोह की मुख्य अतिथि पार्षद प्रमिला संजय गोयल थीं, जबकि अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने की। खेल अधिकारी देवड़ा ने बताया कि यह खेल शासन से मान्यता प्राप्त है और इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप के साथ-साथ सरकारी नौकरी में खेल कोटे का लाभ भी मिलता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने अतिथियों का स्वागत किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान जिले के गणमान्य नागरिक, कोच और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर ऑटो रिक्शा के लिए नई पार्किंग नीति लागू



**मंदसौर।** रेलवे स्टेशन परिसर में लंबे समय से बन रही जाम की स्थिति और अव्यवस्था को देखते हुए नई यातायात व्यवस्था लागू की गई है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर के हस्तक्षेप और जनहित में दिये निदेर्शों के बाद आरपीएफ एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से पार्किंग प्लान तैयार किया है, जिससे यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नई व्यवस्था के तहत स्टेशन परिसर के भीतर 15 से 20 ऑटो रिक्शा के खड़े होने के लिए स्थान चिन्हित कर मार्किंग की गई है। अब ऑटो चालकों को कतारबद्ध तरीके से निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े करने होंगे। विशेष रूप से ट्रेनों के आवागमन के समय, यानी सुबह 7 से 11 बजे और शाम 4 से रात 8 बजे तक मुख्य मार्ग पर किसी भी ऑटो को खड़े रहने की अनुमति नहीं होगी। यातायात पुलिस ने इन घंटों में विशेष स्टाफ की ड्यूटी लगाई है ताकि मार्ग पूरी तरह जाम मुक्त रहे। इस पहल से स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग से निजात मिलेगी।

## गणमान्य जनों ने नवागत आर डी ए अध्यक्ष श्री पोरवाल का किया स्वागत



**रतलाम।** रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनने पर मनोहर पोरवाल का अनेक संस्थाओं द्वारा स्वागत, सम्मान किये जाने के क्रम में स्टेशन रोड के प्रमुख व्यवसायियों द्वारा पुष्पा हारो से सम्मान,अभिनंदन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से नवनीत पटेल,सुरेश जैन,वरिष्ठ पत्रकार ओम त्रिवेदी, दीपक पांडे, दीपक पटेल, अनूप पंडित, दिलीप खिलोसिया और राजेंद्र पोरवाल मौजूद थे। सभी ने उनके अच्छे कार्यकाल रहने की शुभकामनाएं व्यक्त की।

## मैरिज गार्डन व मांगलिक भवन संचालक सफाई-पार्किंग का रखें विशेष ध्यान -एसडीएम संजीव साहू

**नीमच।** नीमच शहर में संचालित निजी मैरिज गार्डन, मांगलिक भवन व सामुदायिक भवनों के संचालकों की बैठक सोमवार 4 मई को तहसील कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में एसडीएम श्री संजीव साहू की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में विवाह समारोह व अन्य आयोजनों के बाद होने वाली गंदगी, बदबू तथा पार्किंग की समस्या पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। एसडीएम श्री साहू ने सभी भवन संचालकों को पर्याप्त साफ-सफाई रखने व पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान यदि कहीं भी गंदगी पाई गई अथवा पार्किंग व्यवस्था के अभाव में आवागमन प्रभावित होता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध जुमार्ना एवं मैरिज गार्डन मांगलिक भवन को सील करने जैसी सख्त कार्यवाही की जावेगी। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रणः रात 10 बजे बाद ध्वनि विस्तार यंत्रों (डीजे) का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।अग्नि सुरक्षाः सभी मांगलिक भवनों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। रजिस्ट्रेशनः मांगलिक भवन का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

## आम आदमी पार्टी ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

**रतलाम।** आम आदमी पार्टी ने गैस सिलेंडर के दामों में अत्यधिक मूल्य वृद्धि के खिलाफ रतलाम जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इसी के अंतर्गत रतलाम में शहीद चौराहे पर दोपहर 2 बजे आम आदमी पार्टी ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संयम शर्मा ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 193 की वृद्धि करके आम जनता की जेबों पर बोझ डाला है, इसके साथ ही दुकानदारों-व्यापारियों को खाद्य सामग्री विक्रय करने एवं अपना व्यापार करने में मुश्किलें बढाई है। आम आदमी पार्टी मोदी सरकार से मांग करती है कि गैस सिलेंडर के बढ़ाए गए दामों को कम कर आम जनता एवं व्यापारियों को राहत दी जाए। उक्त विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संयम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मुशीर अहमद, जिलाध्यक्ष अजा प्रकोष्ठ मनमोहन बौरासी, जिलाध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ राधेश्याम मेहता, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जाकिर हुसैन, जिला संयुक सचिव लालू चारेल एवं कर्मठ कार्यकर्ता राम भरोसे जी आदि पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद रहे। यह जानकारी जोन मीडिया प्रभारी प्रकाश दोसावत ने दी।




कांग्रेस के खिलाफ फूटा नारी शक्ति का गुस्सा

## जिला मंत्री ऋतु पाटीदार के नेतृत्व में नगर में निकली 'जन-आक्रोश पदयात्रा'

**महिदपुर रोड।** लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले कानून का विपक्ष द्वारा विरोध किये के विरोध में सोमवार को उज्जैन भाजपा ग्रामी ण जिला मंत्री ऋतु पाटीदार व अन्य महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए नगर के शहीद भगत सिंह बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने ऋतु पाटीदार के नेतृत्व में 'जन-आक्रोश महिला पद यात्रा' निकाली। यह यात्रा शहीद भगत सिंह बस स्टैंड पहुंची, जहां महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा लाये गये महिला आरक्षण कानून में विपक्ष ने बाधाएं उत्पन्न की,जो नारी शक्ति का अपमान है। इस अवसर पर महिदपुर रोड भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष गुरुचरण सिंह चौहान पल्लव पोरवाल सहित महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी मौजूद रही।

## मेघवाल समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न, 34 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



**जीरापुर।** मेघवाल समाज महासंघ के तत्वावधान में आदर्श मेघवाल समाज द्वारा आयोजित छठवां निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ, जिसमें 34 जोड़े वैदिक रीति से विवाह बंधन में बंधे। बाबा रामदेव मंदिर से शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में विधायक हजारीलाल दांगी (खिलचीपुर), कालूराम मेघवाल (डग), अमर सिंह यादव (राजगढ़), पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, नपा अध्यक्ष पवन कुशवाह सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कम खर्च में विवाह कर शिक्षा पर ध्यान देने का संदेश दिया। समिति द्वारा नवविवाहित जोड़ों को हेलमेट भेंट किए गए। आयोजन में अध्यक्ष जगदीश वर्मा, सचिव एडवोकेट खेमराज वर्मा सहित समिति के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मकान सूचीकरण का कार्य प्रगणक धानुक द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न



**महिदपुर।** जनगणना 2027 के अंतर्गत महिदपुर ग्रामीण में ब्लॉक क्रमांक 101 लाखा खेडी नाहरपुर की मकान सूची करण का कार्य प्रगणक सुनील धानुक द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया इस ब्लॉक में कुल 209 जनगणना भवन एवं 227 जनगणना मकान स्थित है बड़ा ब्लॉक होने के बाद भी इनके द्वारा सतत कार्य करने से मकान सूचीकरण का ग्रामीण महिदपुर चार्ज में 212 ब्लॉक में समय से पूर्व कार्य करने पर अनुविभागीय अधिकारी श्री अजय हिंगे तहसीलदार श्री संतुष्टि पाल जनपद सीईओ श्रीमती मीना झा द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर जनगणना लिपिक ललित त्रिवेदी सुपरवाइजर विजय पांडे फील्ड ट्रेनर मनोज मोडक महेश दीक्षित एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित थे सभी ने श्रीधानुक को जनगणना में उल्लेखनीय कार्य करने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## महिदपुर मॉडल स्कूल के छात्रों ने पचमढ़ी में सीखी प्रकृति की पाठशाला



**महिदपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पचमढ़ी का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस विशेष भ्रमण दल में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर की विजेता टीम ने भी सहभागिता की। विद्यालय के छात्र प्रेमसिंह राजपूत (कक्षा 12वीं), कुशाल सिंह (कक्षा 12वीं) और मयंक कुमावत (कक्षा 11वीं) ने इस 3 दिवसीय और 2 रात्रि के भ्रमण के दौरान पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता, सघन वनों, ऊंचे पहाड़ों और वन्यजीवों का करीब से अवलोकन किया। प्रकृति के सानिध्य में हुए इस अनुभव से छात्र न केवल आनंदित हुए बल्कि उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक और ऐतिहासिक महत्ता को भी समझा। विद्यार्थियों ने इस शानदार अवसर के लिए जिला शिक्षा विभाग और पर्यटन विभाग का आभार व्यक्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि और सफल भ्रमण पर विद्यालय के प्राचार्य श्री रामेश्वर सोनी एवं समस्त शिक्षक स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही शिक्षा एवं पर्यटन विभाग के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की।

# बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा

पश्चिम बंगाल,के साथ अन्य राज्यों के चुनाव परिणाम मंगलवार को आए जिसमें भाजपा को मिली प्रचंड जीत से नगर मंडल में भाजपाइयों में काफी उत्साह देखने को मिला जिसमें पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक जीत की आतिशबाजी ओर ढोल धमाकों के साथ सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर मुख्य रूप से उपस्थित हुए डॉ सोनकर द्वारा सभी भाजपा कार्यकताओं को झालमुडी देकर बधाई दी और उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुई अप्रत्याशित, ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में भव्य विजय उत्सव मनाया गया। यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुशासन और जनविश्वास की विजय है।



भौंरासा में भाजपा की विजय पर विधायक झालमूडी वितरिण करते हुए।

विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक जीत वहां के हजारों कार्यकताओं के वर्षों के संघर्ष, अथक मेहनत, समर्पण, त्याग और विपरीत परिस्थितियों में भी संगठन के प्रति अटूट निष्ठा का स्वर्णिम परिणाम है। जिन्होंने वर्षों तक संघर्ष की तपस्या की, आज यह विजय उसी तप का पावन प्रसाद बनकर सामने आई है। एवं जहां जिस भूमि पर जन्मे श्यामप्रसाद मुखर्जी वो अब पश्चिम बंगाल भी भाजपा का है।

भारतीय जनता पार्टी का विजय अश्वमेध रथ आज देशभर में जनविश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। विकास, सेवा और राष्ट्रहित के संकल्प से प्रेरित भाजपा के अश्वमेध के घोड़े आज हर दिशा में विजय पताका फहरा रहे हैं और भौंरासा एवं क्षेत्र में भी इसी उल्लास के साथ इस ऐतिहासिक सफलता का उत्सव मनाया गया।



महिदपुर रोड में भाजपा कार्यकार्ताओं ने बंगाल विजयी पर हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ देवीसिंह यादव,हीरालाल चावड़ा,मांगीलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आरामसिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल, दशरथ सिंह धाकड़, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री,प्रमोद पालीवाल,पार्षद छोटेलाल लोधी, नरेंद्र माली,मुकेश कुमावत, डॉ रूपसिंह नागर, जसवंत सिंह पटेल,नीरज ठाकुर, गोरधन बोडाना,मौसम माली, विनायक माली आदि भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### महिदपुर रोड

पश्चिम बंगाल ,असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव में भा ज पा की सरकार बनने पर नगर में उज्जैन ग्रामीण के उपाध्यक्ष संदीप व्यास और महि दपुर रोड मंडल गुरुचरण चौहान के नेतृत्व में नगर के नागदा चौराहे पर विजय उत्सव मनाया , आतिशबाजी करते हुए भारत माता की जय के नारे लगाये जीत की खुशी में कार्यकताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान ने कहा यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यकताओं की जमी नी मेहनत का परिणाम है तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बना यह सिद्ध करता है कि जनता का विश्वास केवल भाजपा और उसके विकास कार्यों पर है इस दौरान मंडल के महामंत्री शंभू शर्मा, विष्णु मालवीय, महेंद्र सिंह , राजेंद्र सिंह सिसोदिया, बलवंत आंजना, कुबेर सिंह, अमृतलाल शर्मा, भूपेश कसेरा, पल्लव पोरवाल, कमलेश बैरागी आदि उपस्थित रहे। जानकारी योगेंद्र सिंह शाक्य ने दी।

# किसानों एवं आमजन की अनेक समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उन्हेल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उन्हेल में किसानों को गेहूं उपार्जन में आ रही समस्या, उन्हेल नगर में गंदा पेयजल सप्लाई होने एवं रबी फसल की बीमा राशि की मांग को लेकर पुराना बस स्टैंड पर धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा ।धरना प्रदर्शन में मुख्य वक्ता जिला कांग्रेस प्रभारी चंदरसिंह सौंधिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक महेश परमार, वरिष्ठ नेता वीरसिंह राणा, उन्हेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शंकर पटेल ने संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को किसान विरोधी एवं दमनकारी कहते हुए खूब खरी खोटी सुनाई। नेताओं ने संबोधन में बताया कि सरकार गेहूं उपार्जन में व्यवस्था करने में नाकाम हो रही है पहले उपार्जन में देरी की अब किसानों को गेहूं तोलने में तीन - चार दिन इंतजार करना पड़ रहा है कई सोसाइटी में दो कांटे ही चल रहे है जबकि मोहन जी हर केंद्र पर 5 - 6 टोल कांटे चलने की बात कह रहे है, किसान को खराब हुई फसल का बीमा आज तक नहीं दिया गया, नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए पेयजल के नाम पर खर्च कर भ्रष्टाचार कर रही




है परन्तु जनता को स्वच्छ पेयजल देने में विफल को रही है जिसका खामियाजा उन्हेल की जनता को उड़ाना पड़ रहा है, प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को ज्ञापन देकर सभी समस्याओं के त्वरित निदान की मांग की नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह कालूहेड़ा,स्वाति सिंह,अशोक जाट,मदनसिंह जादौन,शांतिलाल जैन,पूर्व जिला पंचायत प्रतिनिधि भरत मालवीय,पूर्व सरपंच इंदरसिंह पीपावद,किसान नेता बालेश्वर पटेल,पार्षद द्वारकाधीश सोनी,मुकेश गुर्जर,रेणुका गांधी,जनपद सदस्य अर्जुन पटेल,अक्षय जैन,मुकेश जायसवाल,युवक कांग्रेस अध्यक्ष नागेश्वर आंजना,उमेश जैन,नितेश जैन, लोकेंद्र टेलर, यू.का. नेता राहुल सोलंकी, पूर्व सरपंच पूरालाल आंजना, संदीप पटेल, दिनेश आंजना, कैलाश राठौड़, धीरजसिंह, मानसिंह आंजना, विक्रमसिंह चौहान, बहादुरसिंह दीपन, गब्बर मालवीय, चुन्नीलाल परमार, अजय चौधरी, राजेश पटेल, ईश्वरसिंह जरात, भदरसिंह पटेल, बालकृष्ण आंजना, महेंद्र जैन,भरत चौधरी, सुमेरसिंह पीपावद, रामप्रसाद चौधरी,कचरू परमार, राजेशनाथ चौहान,लालू शर्मा, जीवनसिंह, प्रेम धाकड़, जितेंद्र पटेल,विरेन्द्रसिंह गुर्जर, खुशालसिंह दरबार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश पाटीदार ने किया आभार अजय चौधरी ने माना।

लाखाखेडी में किसान हितों पर मंथन

## 10 को श्री हनुमान मंदिर में जुटेगा किसान संगठन

**सारंगपुर।** क्षेत्र के किसानों की आवाज बुलंद करने और उनकी ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु किसान संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आह्वान किया गया है। यह बैठक आगामी 10 मई को ग्राम लाखाखेडी स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष देवनारायण नागर ने बताया कि दिन भर के कृषि कार्यों से निवृत्त होकर किसान भाई शांतिपूर्वक अपनी बात रख सकें, इसके लिए बैठक का समय शाम 8.00 बजे निश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसानों के सामने कई चुनौतियाँ हैं, जिन पर सामूहिक चर्चा करना और रणनीति बनाना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक के दौरान मुख्य रूप से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जिसमें किसानों के हितों की रक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना। क्षेत्रीय कृषि समस्याओं खाद, बीज, बिजली या मुआवजा आदि का ठोस समाधान निकालना, संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना तैयार करना आदि बिंदु रहेंगे। किसान संगठन तहसील अध्यक्ष श्रीनागर ने संगठन के किसानों एवं समस्त पदाधिकारियों से विनम्र अपील की है कि वे इस बैठक को मात्र एक औपचारिक चर्चा न मानकर अपनी सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन समझें। किसानों की समस्याओं का समाधान केवल एकजुटता से ही संभव है। अतः अधिक से अधिक संख्या में किसान भाई लाखाखेडी के श्री हनुमान मंदिर पहुँचकर इस बैठक को सफल बनाएँ और अपनी बात रखें।



## तालाब में नहाने गए 12 वर्ष के बालक की डूबने से मौत

**खाचरोद।** नगर के रैदास कालोनी रतलाम रोड निवासी अंकित पिता संतोष वर्मा उम्र 12 वर्ष की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे की अंकित अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया। तालाब में मंदिर के पास 17 फीट गड्डे में चला गया। जिससे उसकी मौत हो गई। आस पास के रहवासियों द्वारा तालाब से अंकित को निकाला ओर सिविल अस्पताल ले गए। अस्पताल में चिकित्सक द्वारा परीक्षण कर उसे मृत घोषित किया गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। अस्पताल में परिवारजनों को सूचित कर बुलाया गया।

## सूचीकरण कार्य समय-पूर्व पूर्ण, प्रगणक इरफान मोहम्मद सम्मानित



**महिदपुर।** जनगणना 2027 अंतर्गत नगर पालिका परिषद महिदपुर के शहरी क्षेत्र में मकान सूचीकरण का कार्य तीव्र गति से जारी है। ब्लॉक क्रमांक 36, जिसमें वार्ड क्रमांक 15 एवं बस स्टैंड क्षेत्र सम्मिलित है, का मकान सूचीकरण कार्य प्रगणक इरफान मोहम्मद द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस ब्लॉक में कुल 164 जनगणना भवन एवं 296 जनगणना मकान स्थित हैं। इरफान मोहम्मद द्वारा सतत एवं समर्पित रूप से कार्य करने पर महिदपुर का मकान सूचीकरण कार्य समय से पूर्ण करने में विशेष योगदान रहा। इस उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया



## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले सांसद नागर

क्षेत्र के विकास कार्यों पर हुई सार्थक चर्चा

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में क्षेत्रीय सांसद रोडमल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ क्षेत्र के अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्ना महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र की सड़कों, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुद्दढ़ीकरण को लेकर सार्थक संवाद हुआ। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

भैंसवामाता धाम में गूँजी शहनाई

# क्षत्रिय राजपूत सरदार समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 45 जोडे परिणय सूत्र में बंधे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।




श्रद्धा, परंपरा और सामाजिक समरसता के संगम के साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत सरदार समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवा रात्रि को संपन्ना हुआ। माँ बिजासन के पावन धाम भैंसवा माता में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में 45 वर-वधुओं ने हिंदू वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर अपने दांपत्य जीवन की शुरूआत की।

सम्मेलन समिति के निर्णय अनुसार इस वर्ष मुख्य सम्मेलन भैंसवामाता की पावन स्थली पर ही आयोजित करने का संकल्प लिया गया था। एक ही विशाल पांडाल के नीचे आमूनी-सामूनी, तोरण और फेरों की रस्में पूरी की गईं। अग्नि को साक्षी मानकर और वेद मंत्रों की गूंज के बीच नव-युगलों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। समिति द्वारा सभी दूल्हों का तिलक लगाकर और अमूनी-सामूनी की रस्म अदा कर भव्य स्वागत किया गया।

समाज की मान्यता है कि माँ बिजासन कुल की देवी हैं और क्षेत्र का कोई भी मांगलिक कार्य माता के नाम की पाती (आमंत्रण/आशीर्वाद) के बिना शुरू नहीं होता। ऐसी मान्यता है कि माता हर विघ्न-बाधा को हर लेती हैं। परंपरा का निर्वहन करते हुए, सभी जोडों ने सबसे पहले माता के दरबार में मत्था टेका और अपने सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। न केवल राजगढ, बल्कि पूरे प्रदेश से श्रद्धालु यहाँ अपनी मन्नातें लेकर आते हैं।

इस मांगलिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह परिहार और ठाकुर चंदर सिंह शामिल हुए। उन्होंने नव-दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए समाज की इस एकजुटता की सराहना की।

डॉ गर्ग ने की केंद्रीय मंत्री गडकरी से की भेंट

# बच्चों में बढ़ रही ऑटिज्म,मानसिक व्यावहारिक जैसे रोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौरासा

नगर में जन्मे डॉ सुभाष गर्ग ने अपनी प्राथमिक शिक्षा नगर भौरासा से ही ग्रहण कर आज बड़े बड़े शहरों और प्रदेशों में बच्चों में बढ़ रही ऑटिज्म,मानसिक व्यावहारिक जैसे रोगों का सफल इलाज कर बच्चों को नई जिंदगी प्रदान कर रहे।

डॉ गर्ग ने अपने कम उम्र में ही उक्त मुकाम को हासिल कर नगर के युवाओं के लिए प्रेरणा बने हे साथ ही इंदौर के एक निजी मेडिकल कॉलेज जहां से अपनी पढ़ाई पूर्ण की हे आज अपनी मेहनत और लग्न के कारण उक्त कॉलेज में प्रोफेसर बन अन्य विद्यार्थियों को भी अपने अनुभव से परिचित करवा रहे है। अपने सफल इलाज ओर अनुभव के चलते प्रदेश के मुख्यमंत्री, स्वास्थ मंत्री, अन्य मंत्रियों ने डॉ सुभाष



गर्ग एवं उनकी पत्नी प्रियंका गर्ग को शिल्ड प्रमाण पत्र दबकर सम्मानित किया हे व अन्य शहरों में जाकर भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे।

इसी के चलते प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सुभाष गर्ग एवं डॉ. प्रियंका गर्ग ने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के नई दिल्ली स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) के माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र में संभावित सुधार रहा। विशेष रूप से बच्चों में बढ़ रही मानसिक एवं व्यवहारिक समस्याओं, जैसे ऑटिज्म, के नियंत्रण एवं प्रबंधन पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. गर्ग दंपति ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण में कमी तथा सतत ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग से बच्चों के समग्र विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। थेरेपी जोन विकसित करने, प्राकृतिक वातावरण में थेरेपी को प्रोत्साहित करने तथा अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

गडकरी ने भी हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है और इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

बैठक के अंत में डॉ. सुभाष गर्ग एवं डॉ. प्रियंका गर्ग द्वारा श्री नितिन गडकरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग बना बच्चों की जान का खतरा, रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**मक्सी।** एबी रोड स्थित वार्ड क्रमांक 3, नई आबादी क्षेत्र के रहवासियों ने अपने घरों के पास विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने का विरोध करते हुए विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा। रहवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर को घरों के बेहद नजदीक लगाए जाने से बच्चों और परिवारों की जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में एबी रोड फोरलेन निर्माण कार्य के चलते पहले से स्थापित ट्रांसफार्मर को हटाकर अब उसे सीधे रहवासी मकानों के पास शिफ्ट किया जा रहा है, जिस पर क्षेत्रवासियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि ट्रांसफार्मर घरों के अत्यधिक नजदीक होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। रहवासियों ने यह भी बताया कि पूर्व में इस तरह की स्थिति में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें मवेशियों की मौत तक हो गई थी और आग लगने जैसी घटनाएं भी सामने आई थीं। ज्ञापन के माध्यम से नागरिकों ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान, जैसे टावर या उचित दूरी पर स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके। इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



# भगवान शिव का चमत्कारी मंदिर

**तमिलनाडु के कुंभकोणम में स्थित नीलकंडेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है कि यहां की चमत्कारी विभूति गले में लगाने से थायराइड और पीसीओएस जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। यह मान्यता समुद्र मंथन की उस पौराणिक कथा से जुड़ी है, जहां माता पार्वती ने विष पीने वाले भगवान शिव के कंठ की जलन को शांत किया था।**

भारत में प्राचीन और लोकप्रिय कई मंदिर मौजूद है। इन्हीं में से एक खास शिव मंदिर तमिलनाडु में स्थित है। भगवान शिव को नेचुरल हीलर के तौर पर भक्त मानते हैं। कई शिव मंदिरों के बारे में यहां मान्यता है कि यहां पर दर्शन करने और प्रसाद लेने से इंसान को कई बीमारियों से छुटकारा मिल जाता है। तमिलनाडु में एक ऐसा मंदिर है, जहां सिर्फ दर्शन और पूजने के लिए नहीं बल्कि अपने अपने थायराइड इश्यू, महिलाएं पीसीओएस की समस्या दूर करने के लिए भी आती हैं। वैसे तो ये मंदिर किसी उपचार का हल नहीं है लेकिन लोगों की श्रद्धा ने उन्हें इस मंदिर की तरफ ले जाती है। आइए आपको बताते हैं कहां पर स्थित है ये मंदिर

## जानिए तमिलनाडु में कहां पर स्थित है मंदिर?

तमिलनाडु के छोटे से गांव थिरुनिलकुडी के कुम्बकोणम में बना है नीलकंडेश्वर महादेव टेंपल। जो कि तंजावुर जिले में बना है। जहां पर भक्त थायराइड और पीसीओएस जैसी समस्याओं को हील करने के लिए जाते हैं।

## नीलकंठ के रूप में पूजे जाते हैं महादेव

इस प्रसिद्ध मंदिर में भगवान शिव की पूजा नीलकंठेश्वर के रुप में होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवता और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले विष को भगवान शिव ने कंठ में धारण किया था। जिसकी जलन से भगवान का कंठ नीला हो गया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस मंदिर में माता पार्वती ने भगवान शिव को तेल अर्पित किया था, जिससे उनकी गले की जलन शांत हो सके। इसी मान्यता के चलते इस मंदिर में भक्तजन थायराइड और पीसीओएस जैसी समस्या को शांत करने के लिए आते हैं।

## चमत्कारिक विभूति के लिए आते हैं भक्त

इस मंदिर में भक्त अपने अंदर के डर, पीसीओएस की समस्या और थायराइड जैसे गले की प्रॉब्लम की हील करने के लिए आते हैं। माना जाता है कि इस मंदिर की पवित्र और चमत्कारिक विभूति को गले में लगाने से इन सभी समस्याओं से राहत मिलती है। इस मंदिर पर लोगों की गहरी आस्था है। ताकि उन्हें मानसिक रूप से बल मिल सके और वो अपनी बीमारियों से लड़कर उसे ठीक कर सकें।



## भगवान शिव की पूजा वैद्य रूप में की जाती है

नीलकंडेश्वर महादेव मंदिर के अलावा कई और भी मंदिर है जहां पर भगवान शिव की पूजा वैद्य के रुप में की जाती है। सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में एक है वैथीस्वरन मंदिर। ये मंदिर तंजावुर जिले से दो घंटे की दूरी पर स्थित वैथीस्वरन कोइल मंदिर है। यहां पर सिद्ध कुंड है, जिसे सिद्धामृतम कुंड के नाम से जाना जाता है। इस जल को भक्त औषधीय मानते हैं जो उनके त्वचा के रोग ठीक हो सके।



# दौड़ते घोड़े और बहता पानी, ये तस्वीरें बदल सकती हैं आपकी तकदीर

लिविंग रूप घर का वह हिस्सा होता है, जहां पर सबसे ज्यादा समय बिताया जाता है। लिविंग रूप में ही हम मेहमानों का स्वागत करते हैं। वास्तु शास्त्र के मुताबिक इस कमरे की दीवारों पर लगी तस्वीरें आपके घर की खूबसूरती को बढ़ाती हैं। साथ ही हमारे जीवन और सोच पर भी गहरा असर डालती हैं। अगर सही दिशा में सही तस्वीर लगी हो तो घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। वहीं गलत दिशा और गलत तस्वीर तनाव की वजह बन सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वास्तु के मुताबिक लिविंग रूप में कौन सी तस्वीरं लगानी शुभ मानी जाती हैं।

## दौड़ते हुए 7 घोड़े की तस्वीर

वास्तु शास्त्र के मुताबिक सात दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर को घर में लगाना प्रभावशाली माना गया है। क्योंकि घोड़े गति, ऊर्जा और सफलता के प्रतीक होते हैं। इन तस्वीरों को घर पर लगाने से बिजनेस और करियर के तरक्की के रास्ते खुलते हैं। सात दौड़ते हुए घोड़ों की तस्वीर को हमेशा लिविंग रूम की पूर्वी दीवार पर लगाना चाहिए। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि घोड़ों का मुंह घर के अंदर की ओर होना चाहिए।

## बहता हुआ पानी की तस्वीरें

घर में पैसों की तंगी न हो, इसके लिए घर में बहते पानी या झरने की तस्वीर लगाना अच्छा होता है। वास्तु के मुताबिक पानी का बहाव पॉजिटिव ऊर्जा और धन के प्रवाह को दशार्ता है। इन तस्वीरों को घर की उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इस दौरान ध्यान रखना चाहिए कि पानी का बहाव घर के बाहर की ओर न हो। लिविंग रूम में दक्षिण या पश्चिम की दीवार पर लैंडस्केप या पहाड़ों की फोटो लगाना शुभ होता है। पहाड़ आत्मविश्वास और स्थिरता का प्रतीक है। इस तस्वीरों को घर में लगाने से घर के मुखिया को मानसिक मजबूती मिलती है




### चेन्नई ने कैपिटल्स को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी, संजू ने नाबाद 87 रन की पारी खेली

# सैमसन की दिलेरी से दिल्ली को मात

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के गढ़ अरुण जेटली स्टेडियम में संजू सैमसन की दिलेरी ने दिल जीत लिया। उनकी 87 रन की नाबाद पारी से चेन्नई सुपरकिंग्स ने मंगलवार को दिल्ली को आठ विकेट करारी शिकस्त दी। पांचवीं जीत के साथ चेन्नई ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं।

घर में लगातार चौथी और कुल छठी हार से दिल्ली की आगे की राह कठिन हो गई है। चेन्नई की यह दिल्ली पर सत्र की दूसरी जीत है। चेन्नई ने 156 रन का छोटा लक्ष्य 17.3 ओवर में दो विकेट 159 रन बनाकर हासिल कर लिया। सैमसन ने कार्तिक (41 नाबाद) के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 गेंदों पर अटूट 114 रन की साझेदारी की। कार्तिक ने नटराजन पर छक्के के साथ स्कोर बराबर किया। फिर अगले गेंद पर चौके के साथ चेन्नई को लगातार दूसरी जीत दिला दी।

संजू ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उन्होंने कुलदीप और एनगिडी को लगातार दो छक्के जड़े। चेन्नई की शुरूआत भी धीमी रही। उसने कप्तान गाकयकवाड़ और उर्विल के विकेट जल्दी गंवा दिए। दो विकेट पर उसका स्कोर 45 रन था। सैमसन को कार्तिक का अच्छा साथ मिला और दोनों ने इसके बाद दिल्ली के गेंदबाजों को विकेट से महरूम रखा।

इससे पहले बादलों के बीच दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला उल्टा पड़ गया। चेन्नई के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने दिल्ली का शीर्षक्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया। मुश्किल घड़ी में समीर रिजवी (40 नाबाद ) और ट्रिस्टन स्टब्स (38) ने टीम को 150 के पार पहुंचाया।

शुरूआत में ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश ने पाथुम निसांका को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। शीर्ष पांच बल्लेबाजों में से कोई भी 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। 12 ओवर के बाद स्कोरबोर्ड पर सिर्फ 73 रन थे। इसके बाद इंपैक्ट प्लेयर रिजवी और स्टब्स ने छठे विकेट के लिए 65 रन की अहम साझेदारी कर मैच में जान डाली। यह दिल्ली की चेन्नई के खिलाफ छठे या निचले क्रम के लिए संयुक्त सबसे बड़ी साझेदारी है। विजय शंकर और हर्षल पटेल ने 2018 में यहीं पर इसी विकेट के लिए नाबाद 65 रन जोड़े थे। अंत में आशुतोष ने महज पांच गेंदों में 14 रन जोड़कर दिल्ली को सात विकेट पर 155 रन तक पहुंचाया। चेन्नई के लिए नूर अहमद ने दो विकेट चटकाए। चेन्नई सुपरकिंग्स ने छह गेंदबाजों को आजमाया और अंशुल कांबोज को छोड़कर सभी ने एक-एक विकेट जरूर लिया।



# क्रिकेट में असर खो रही है यॉर्कर!

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

टी-20 क्रिकेट, खासकर आईपीएल के मौजूदा दौर में जहां 220+ स्कोर आम होते जा रहे हैं, वहां एक बड़ा सवाल उठ रहा है-क्या यॉर्कर अब असर खो रही है?

एक समय था जब मैच के आखिरी ओवरों में कप्तान यॉर्कर स्पेशलिस्ट पर भरोसा करते थे। लेकिन अब रिवर्स स्कूप, प्री-मेडिटेड शॉट्स (पहले से सोचा हुआ) व क्रीज पर बल्लेबाजों की लगातार हरकत ने चुनौती बढ़ा दी है।

हालांकि विशेषज्ञ मानते हैं कि यॉर्कर खत्म नहीं हुई है। 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मदन लाल ने कहा, यॉर्कर आज भी अहम है। लेकिन इसमें लाइन और लेंथ की सटीकता जरूरी है। थोड़ा भी चूके तो गेंद छक्के में बदल सकती है। पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दीप दासगुप्ता के अनुसार, आधुनिक बल्लेबाज क्रीज का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, पहले बल्लेबाज स्थिर रहते थे, अब वे आगे-पीछे और साइड में मूव करते हैं। इससे पारंपरिक यॉर्कर की लंबाई बदल जाती है। भारत के अंशुल कंबोज, वैशाख विजयकुमार और कार्तिक त्यागी जैसे युवा गेंदबाजों ने भी वाइड यॉर्कर से सफलता पाई है। पूर्व चयनकर्ता सरंदीप सिंह ने कहा, यॉर्कर अभी भी सबसे अच्छी गेंद है, खासकर जब रिवर्स स्विंग हो। लेकिन इसे सही तरह से डालना सबसे कठिन है। यानी यॉर्कर खत्म नहीं हुई बल्कि कठिन हो गई है।



## डोपिंग परीक्षण में चूक पर विनेश को सख्त चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट एक बार फिर डोपिंग जांच के दायरे में आ गई हैं। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने उन्हें प्रतियोगिता से बाहर होने वाले डोपिंग परीक्षण में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया है।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क
8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा.
9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### सोनम के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेघालय सरकार, कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**इंदौर।** पति राजा रघुवंशी की हत्या के मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर गंभीर चिंता जताते हुए, मेघालय सरकार ने मेघालय हाई कोर्ट में अर्जी देकर उन्हें मिली जमानत रद्द करने की मांग की है। अपनी दलील में राज्य ने तर्क दिया कि ईस्ट खासी हिल्स में सेशंस कोर्ट का जारी किया गया बेल ऑर्डर रद्द कर देना चाहिए, क्योंकि यह फैसला अपराध की गंभीरता और न्याय पर इसके संभावित असर पर ठीक से विचार करने में नाकाम रहा। राज्य सरकार ने कहा कि आरोप गंभीर हैं और इसकी सख्त न्यायिक जांच की जरूरत है। 27 अप्रैल को, शिलांग के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज्यूडिशियल) ने गिरफ्तारी प्रक्रिया में खामियों को देखते हुए लगभग एक साल बाद सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी। कोर्ट ने पाया कि उन्हें दिए गए गिरफ्तारी के आधार की जानकारी डॉक्यूमेंट में चेकबॉक्स पर निशान नहीं थे और भारतीय न्याय सेवा के तहत एक इनकॉरपोरेट पीनल प्रोविजन का भी ज़िक्र किया गया था। कोर्ट ने पाया कि उन्हें दिए गए गिरफ्तारी के आधार की जानकारी डॉक्यूमेंट में चेकबॉक्स अनटिक थे और भारतीय न्याय संहिता के तहत एक गलत सजा का नियम भी बताया गया था। न्यायालय ने कहा कि किसी भी दस्तावेज में याचिकाकर्ता को यह नहीं बताया गया कि उसे बीएनएस की धारा 103(1) के तहत कहीं अधिक गंभीर अपराध के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है और इस तर्क को खारिज कर दिया कि यह महज एक लिपिकीय त्रुटि थी। इस बात को भी ध्यान में नहीं रखा गया कि ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं था जिससे पता चले कि 9 जून, 2025 को जब पिटीशनर को पहली बार गाजीपुर की एक कोर्ट में पेश किया गया था, तो उसके पास कोई लीगल रिप्रेजेंटेशन था। मेघालय हाई कोर्ट ने मंगलवार (5 मई) को सोनम रघुवंशी को नोटिस जारी किया। बता दें की सरकार ने निचली अदालत से उन्हें मिली जमानत को चुनौती देने वाली याचिका दायर की थी।

### बस को कट मारने के विवाद में बस एजेंट-ड्राइवर ने बाइक सवार को पीटा

**इंदौर।** सरवटे बस स्टैंड पर मारपीट का वीडियो सामने आया है। जिसमें दो युवकों के साथ निजी बस स्टाफ मारपीट करता देखा जा सकता है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने पीड़ितों से संपर्क किया पर वे एफआईआर करने को तैयार नहीं हुए। जानकारी के मुताबिक दो पहिया वाहन से बस को कट मारने के बाद युवकों और बस ड्राइवर के बीच कहासुनी हुई थी। इस दौरान एक युवक ने ड्राइवर को थप्पड़ मार दिया, जिससे विवाद और बढ़ गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद मौके पर मौजूद बस एजेंट, ड्राइवर और अन्य लोगों ने मिलकर दोनों युवकों के साथ जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के अनुसार पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवकों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने शिकायत करने से इंकार कर दिया।

**छोटी ग्वालटोली पुलिस ने** आकाश नाम के युवक का अपहरण करने वाले आरोपी विनय सोनकर और उसके दो साथियों को बुधवार को गिरफ्तार किया और उनका जुलूस निकाला। आरोपियों ने बस में सवारी बैठाने की बात पर सोमवार को आकाश का अपहरण किया था और उसे कार मे भंवरकुआ लेकर गए थे। यहां पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे छोड़ दिया था। आकाश के परिजन थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई थी। सीसीटीवी कैमरों में भी आरोपी कैद हुए थे।

### बस का इंतजार कर रहे यात्री को महिला ने साथियों की मदद से लूटा

**इंदौर।** आजादनगर थाना क्षेत्र में लूट की वारदात सामने आई है, जहां एक महिला ने मदद के बहाने युवक को सुनसान जगह ले जाकर अपने साथियों के साथ मिलकर नकदी और मोबाइल छीन लिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित झहर सिंह निवासी सिमरोल रोड 3 मई की रात करीब 11 बजे तीन इमली बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान रोशनी नाम की एक महिला अपने बच्चे के साथ वहां पहुंची और उससे मदद मांगी। महिला ने बताया कि शौचालय के पीछे उसकी सहेली गिर गई है और उसे मदद की जरूरत है। महिला के झांसे में आकर युवक उसके साथ सुलभ कॉम्प्लेक्स के पीछे चला गया, जहां पहले से ही दो युवक सुनील और मोनू मौजूद थे। तीनों आरोपियों ने मिलकर उसे बदनाम करने की धमकी दी और उसकी जेब से करीब 26 हजार रुपए नकद और मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की और थप्पड़ मारकर वहां से भगा दिया। इसके बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। बदनामी के डर से पीड़ित ने तत्काल शिकायत नहीं की, लेकिन परिजनों को घटना बताने के बाद मंगलवार को थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुनील और मोनू उर्फ ऋषभ को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। सुनील और रोशनी पर पहले से अपराध दर्ज हैं, जबकि रोशनी के पिता के खिलाफ भी तेजाजी नगर थाने में मामले दर्ज हैं। पुलिस अन्य संभावित वारदातों के संबंध में भी जांच कर रही है।

### स्कूटी पर सवार छात्राओं को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**इंदौर।** स्कूटी सवार दो छात्राओं को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना रविवार को एरोड्रम रोड पर हुई। यहां मेट्रो निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते हीकागिरी के आगे डायवर्सन बनाया गया है। हादसे का सीसीटीवी वीडियो बुधवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक, हादसे में जम्बूड़ी हप्सी निवासी 18 वर्षीय प्रिया उर्फ प्रियांशी पिता सुभाष की मौत हो गई। वह एक निजी स्कूल में 12वीं की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार, प्रिया अपनी सहेली के साथ स्कूटी से पितृ पर्वत घूमने गई थी। शाम करीब 6.30 बजे लौटते समय उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर लिया है। वहीं, घायल छात्रा का अस्पताल में उपचार जारी है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि टक्कर इतनी भयानक थी कि स्कूटी कई फीट दूर जा गिरी और दोनों छात्राएं सड़क पर बेसुध होकर गिर पड़ीं। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग दौड़कर मदद के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक एक छात्रा जिंदगी की जंग हार चुकी थी। दूसरी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

### जीआरपी थाने के पुलिसकर्मी ने शादी का झांसा देकर महिला से किया रेप

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में जीआरपी थाने में पदस्थ एक आरक्षक के खिलाफ मंगलवार को दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र की रहने वाली पीड़िता की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। पीड़िता वर्तमान में भोपाल में रह रही है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय महिला की शिकायत पर आरोपी सचिन पुत्र हरीनारायण चंद्रवंशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में इंदौर में पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान सचिन से फेसबुक के माध्यम से हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और मुलाकातें होने लगीं। महिला का कहना है कि आरोपी ने शादी का वादा किया और भरोसा दिलाते हुए उसे अपने साथ रखा। 8 नवंबर 2018 को आरोपी उसे कनाड़िया स्थित अपने सरकारी क्वार्टर में ले गया, जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी कई बार मुलाकातें होती रहीं, लेकिन हर बार शादी की बात टाल दी गई। पीड़िता के अनुसार, बाद में दोनों परिवारों की सहमति भी बनी, लेकिन आरोपी ने शादी नहीं की। वर्ष 2021 में महिला की मां और 2023 में पिता के निधन के बाद आरोपी ने उससे दूरी बना ली और अंततः शादी से साफ इंकार कर दिया। महिला को बाद में पता चला कि आरोपी किसी अन्य युवती के साथ लिव-इन में रह रहा है और फरवरी 2026 में उसने कहीं और सगाई भी कर ली। आरोप है कि 13 फरवरी को भोपाल में मुलाकात के दौरान आरोपी ने शादी से इंकार करते हुए उसके फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को जानकारी दी और भोपाल में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद मामला इंदौर के कनाड़िया थाने भेजा गया, जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

#### मंदिर दर्शन के बहाने ले गया, 250 फीट गहरी खाई में धकेला, 3 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया शव

# सगाई टूटी तो युवक ने मंगेतर की मां की हत्या कर दी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर जिले के महू में एक युवक ने सगाई टूटने की रंजिश में मंगेतर की मां को गहरी खाई में धक्का देकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह करीब 5 बजे शुरू हुए रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीन घंटे की मशक्कत में 200-250 फीट गहरी खाई से शव निकाला गया।

घटना मंगलवार शाम बड़गोंदा थाना क्षेत्र के छोटा अमरनाथ इलाके की है। मृतका की पहचान किरण चौबे (36) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से महोबा (यूपी) की रहने वाली थीं और पीथमपुर की एक कंपनी में काम करती थीं। उनके पति अवध बिहारी चौबे एमपीईबी में काम करते हैं। ब्रेन हेमरेज के कारण इन दिनों इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं।


राहुल अटेलिया


किरण चौबे

**पिता और भाई के विरोध करने पर टूटी सगाई-** किरण के बेटे अनुराग चौबे ने पुलिस को बताया कि बहन की सगाई बगोदा निवासी राहुल अटेरिया (18) से हुई थी। मुझे और पिता को यह रिश्ता पसंद नहीं था। इसके बाद सगाई तोड़ दी गई। शुरूआत में मां इस रिश्ते के पक्ष में थीं। बाद में उन्होंने भी शादी से इनकार कर दिया था। इसी बात पर राहुल नाराज था।



**मंदिर दर्शन के लिए साथ ले गया आरोपी-** मंगलवार शाम करीब 5 बजे किरण अपनी बेटी रागिनी के साथ घर से निकली थीं। पीथमपुर के विशाल चौराहे पर राहुल पहले से उनका इंतजार कर रहा था। तीनों वहां से छोटा अमरनाथ पहुंचे। रागिनी पहाड़ी पर ही रुक गई, जबकि राहुल और किरण मंदिर दर्शन के लिए नीचे गए।

#### पहले बहाना बनाया फिर कहा- खाई में धक्का दे दिया

कुछ देर बाद राहुल अकेला वापस लौटा और रागिनी से कहा कि उसकी मां पीछे आ रही हैं। इसके बाद वह बहाना बनाकर नीचे चला गया। कुछ समय बाद लौटकर उसने रागिनी को बताया कि उसने उसकी मां को खाई में धक्का दे दिया है। रात करीब 11 बजे रागिनी ने अपने भाई अनुराग को फोन पर घटना की जानकारी दी। एएसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक, बुधवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

---

#### इंदौर में क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का किया भंडाफोड़

# करोड़ों के लेनदेन का खुलासा, 7 गिरफ्तार

### डायमंड सर्वर से चल रहा था रैकेट; 39 मोबाइल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सर्वर बेस्ड सिस्टम के जरिए लंबे समय से अवैध सट्टा कारोबार चला रहे थे।

एडीशनल डीसीपी मीना चौहान के अनुसार, कार्रवाई उषा नगर स्थित सांई नयन अपार्टमेंट में की गई। यहां से शशांक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, निखिल कौशल, शुभम कौशल, जतिन शर्मा, अर्पित तिवारी और प्रियांश जैन को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी शिवपुरी और गुना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 40 हजार रुपए नकद, 3 लैपटॉप, 39 मोबाइल फोन और सट्टेबाजी से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य जब्त किए हैं। इसके साथ ही कई फर्जी आईडी, बैंक स्टेटमेंट और ट्रांजेक्शन से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं, जिनमें करोड़ों रुपए के अवैध लेनदेन का खुलासा हुआ है।

**डायमंड सर्वर से जुड़ा नेटवर्क-** जांच में सामने आया है कि पूरा नेटवर्क दिल्ली और मुंबई बेस्ड डायमंड सर्वर के जरिए ऑपरेट हो रहा था। आरोपी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बैंक खातों के माध्यम से पैसे का लेनदेन करते थे और सट्टेबाजी के लिए विशेष सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते थे।

प्रारंभिक जांच में इस रैकेट के तार दिल्ली के अलावा दुबई तक जुड़े होने की बात सामने आई है। इससे अंदेशा है कि यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय था।

क्राइम ब्रांच अब पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

---

#### क्रिप्टो के नाम पर 25 लाख की ठगी

## राऊ पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में क्रिप्टो करंसी के नाम पर 25 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। राऊ पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जबकि घटना में कुछ पुलिसकर्मियों की भूमिका भी जांच के घेरे में है।

कृष्णा कौशल नामक व्यक्ति के साथ बाइक सवार बदमाशों ने क्रिप्टो देने के नाम पर ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी शुभम चौहान और हनी शर्मा ने कृष्णा को राऊ क्षेत्र के एक होटल में बुलाया और 25 लाख रुपये के बदले क्रिप्टो देने का सौदा तय किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे विद्याधाम मंदिर के पास बुलाया, जहां उन्होंने रुपए ले लिए लेकिन यूएसडीटी ट्रांसफर नहीं किया।

जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे रेप और लूट के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे पुलिस के नाम पर भी डराया। घटना के दौरान कुछ पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे थे, जिनकी भूमिका को लेकर सवाल उठे हैं। मामले की शिकायत डीसीपी जोन-1 तक पहुंचने के बाद जांच के आदेश दिए गए। इसके बाद एरोड्रम थाने के कुछ पुलिसकर्मियों को ऑफिस अटैच किया गया। हालांकि पूरे मामले की शुरूआती जांच राऊ पुलिस ने की और आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

---

### भोजशाला के सर्वे में मिले ऐतिहासिक तांबे के सिक्के और शिलालेख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

धार स्थित भोजशाला मामले में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से सीनियर एडवोकेट सुनील जैन ने विस्तृत सर्वे रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट के मुताबिक परिसर और आसपास की खुदाई में तांबे के सिक्के, शेर मुख, कीर्ति मुख, ॐ नमः शिवाय से जुड़े चिह्न और शिलालेख मिले हैं। सर्वे 22 अप्रैल 2024 से लगातार 98 दिनों तक चला, जिसमें संरक्षित स्मारक के सभी हिस्सों का अध्ययन किया गया। एएसआई ने बताया कि पहले केवल तीन अधिकारियों द्वारा सीमित स्तर पर सर्वे किया गया था, जबकि इस बार सात विशेषज्ञ अधिकारियों, पुरातत्वविदों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में प्रतिदिन सुबह से शाम तक काम किया। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि हर गतिविधि का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि भोजशाला परिसर का निर्माण 14वीं शताब्दी से भी पहले का है। वहीं, परिसर के पश्चिमी हिस्से में बनी मेहराब बाद में अलग से निर्मित प्रतीत होती है। एएसआई ने यह भी बताया कि वर्ष 1902 की रिपोर्ट में भोजशाला को मंदिर के रूप में वर्णित किया गया था, जबकि 2024 में हाई कोर्ट के निर्देश पर दोबारा सर्वे कराया गया।


स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड)
स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com